अम्बादास चवरे दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला-२

# सावयधम्मदोहा

भूमिका, अनुवाद, शब्दकोश, टिप्पनी आदि सहित

सम्पादक

हीरालाल जैन, एम. ए., एल एल. बी.,
संस्कृताध्यापक, किंग एडवर्ड कालेज, अमरावती;
भूतपूर्व रिसर्च स्कालर, अलाहाबाद यूनीवर्सिटी.

वीर निर्वाण संवत् २४५८ ] [ विक्रम संवत् १९८९

THE

AMBADAS CHAWARE

DIGAMBARA JAINA GRANTHAMALA

OR

# Karanja Jaina Series

Edited–

*With the Cooperation of Various scholars*

By—

Hiralal Jain, M. A., L L. B.,
King Edward College, Amraoti.

**Volume II.**

Published by—

*Karanja Jaina Publication Society,*
*Karanja*, Berar, India.

# Savayadhammadoha

**An Apabhramsa work of the 10th century.**

Critically edited

*With Introduction, Translation, Glossary, Notes and Index*

By

**Hiralal Jain**, M. A., L L. B.,
Asstt. Professor of Sanskrit,
King Edward College, Amraoti;
Sometime Research Scholar, Allahabad University.

**1932.**

एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ ।
सो सावउ किं सावयहं अण्णु कि सिरि मणि होइ ॥७६॥

# प्राक्कथन

प्रस्तुत ग्रन्थ के दर्शन प्रथम वार मुझे सन् १९२४ में कारंजा के सेनगण भण्डार में हुए थे और उस प्रति पर से इस ग्रन्थ का परिचय सन् १९२६ में प्रकाशित Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss. in C. P. & Berar में दिया गया था। उस परिचय से कई विद्वानों का ध्यान इस ग्रन्थ की ओर आकर्षित हुआ और उसे प्रकाशित कराने के लिये मुझ पर आग्रह होने लगा। किन्तु एक ही प्रति परसे इस का सम्पादन करने का मुझे साहस नही हुआ, इससे ठहरना पड़ा। अगले वर्ष इस ग्रन्थमाला की नींव डाली गई और तबसे ग्रन्थ की अन्य पोथियों की खोज में विशेषरूप से प्रयत्नशील होना पड़ा। सन् १९३० में हिन्दुस्तानी एकाडेमी, यू. पी., के अध्यक्ष श्रीयुक्त डॉ. ताराचन्द्रजी एम.ए., डी. फिल., ने इस ग्रन्थ को देखने की इच्छा प्रकट की। किन्तु उस समय तक हमारे हाथ में इसकी उपर्युक्त एक ही वही प्रति थी और उसकी प्रथम कापी तैयार की जा रही थी इससे वह भेजी नही जा सकी। धीरे धीरे अन्य प्रतियों का पता चला और उसी अनुसार इसका संशोधन होता गया। अबतक हमें इसकी ग्यारह पोथियों का पता चला है जिनका परिचय 'संशोधन सामग्री' में कराया गया है।

पहले हमारा विचार ग्रन्थमाला के अन्य ग्रन्थों के सदृश इसका सम्पादन भी अंग्रेजी में करने का था। किन्तु अनेक मित्रों व ग्रंथमाला के सहायकों का आग्रह हुआ कि अपभ्रंश भाषा के कुछ ग्रन्थ हिन्दी में भी सम्पादित होना चाहिये ता कि हिन्दी संसार में उक्त दोनों भाषाओं का सम्बन्ध स्पष्ट रूप से झलक जावे। तदनुसार इस ग्रन्थ का सम्पादन हिन्दी में करने का निश्चय हुआ। आगे प्रकाशित होने वाले ग्रन्थों में भी अनेक ग्रन्थों का हिन्दी में सम्पादन करने का विचार है।

इस ग्रन्थ के सम्पादन में हमे हमारे मित्र श्रीयुक्त ए.एन.उपाध्ये एम. ए., अर्धमागधी प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापूर, से बहुत सहायता मिली है। उन्होंने द. प्रति प्राप्त होने के पूर्व मुझे उस प्रति की अपने लिये कराई हुई एक कापी देखने के लिये भेजने की कृपा की तथा पत्रों द्वारा भण्डारकर इन्स्टीट्यूट् पूना, की तीन पोथियोंका परिचय कराया। सन् १९३१ के Annals of Bhandarkar Oriental Research Institute में आपका 'Joindu and his Apabhramsa Works' शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है। हमने उस लेख से भी सहायता ली है। ग्रन्थ के कुछ शंकास्पद वाक्यों को हमने आपके पास विचार के लिये भेजा था उनपर भी आपने पत्र द्वारा मत प्रकट करने की कृपा की। इसका हमने टिप्पनी में उपयोग किया है। इस सब सहायता के लिये हम आपका बहुत उपकार मानते हैं।

हमारे मित्र डाक्टर पी. एल. वैद्य, एम्. ए., डी. लिट्., प्रोफेसर, वाडिया कालेज, पूना, ने भण्डारकर इंस्टीट्यूट, पूना, की भ. प्रति हमारे अवलोकनार्थ भिजवाने की कृपा की। तदर्थ हम आपका आभार मानते हैं।

श्रीयुक्त पन्नालालजी अग्रवाल, सहायक मंत्री, जैनमित्रमण्डल दिल्ली, व श्रीयुक्त महेन्द्रजी, सम्पादक 'वीरसन्देश' आगरा, ने हमें क्रमशः द. और अ. प्रतियां भिजवाने की कृपा की। इसके लिये हम आपके कृतज्ञ हैं।

सुहृद्वर डॉ. ताराचन्द्जी गंगवाल, एम. बी. बी. एस., पेलेस सर्जन, जयपुर, व श्रद्धेय मास्टर मोतीलालजी संघी, संस्थापक, सन्मति पुस्तकालय, जयपुर,ने हमें जयपुर की पोथियां देखने में बड़ी सहायता पहुंचाई। एतदर्थ हम आपके आभारी हैं।

इस ग्रन्थ के सम्पादन व ग्रन्थकर्ता का निर्णय करने में हमें क. प्रति से विशेष सहायता मिली है। इस प्रति के लिये हम भट्टारक महाराज श्री वीरसेनजी स्वामी, सेन गण, कारंजा के ऋणी हैं। इस ग्रन्थ-

माला को सफल बनाने में आप बहुत कुछ कारणीभूत हुए हैं जैसा कि हम प्रथम ग्रंथ की प्रस्तावना में कह चुके हैं।

मान्यवर गोपाल अम्बादासजी चवरे, कारंजा, इस ग्रन्थ-माला के जीवनाधार हैं। आपकी प्राचीन जैन साहित्य को उत्तम ढंग से प्रकाशित देखने की बड़ी उत्कण्ठा हैं। आपकी ही प्रेरणा से हमें इस कार्य में विशेष उत्साह हुआ है। आपका उपकार चिरस्मरणीय है।

सरस्वती प्रेस, अमरावती, के मैनेजर श्रीयुक्त टी. एम. पाटील तथा प्रेस के अन्य कर्मचारियों ने इस ग्रन्थ को छापने में बड़ी रुचि और सावधानी दिखाई है इसके लिये मैं उन्हे हृदय से धन्यवाद देता हूं।

इस ग्रन्थमाला का प्रधान उद्देश्य प्राचीन जैन साहित्य को इस ढंग से प्रकाशित करने का है कि जिससे साहित्यिक छानबीन व ऐतिहासिक खोज में विशेष सहयता पहुंचे। यह हम माला के प्रथम ग्रन्थ में ही प्रकट कर चुके हैं। यदि उस उद्देश्य की प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा किसी अंश में पूर्ति हुई तो हम व हमारा मण्डल अपने प्रयास को सफल समझेंगे। उसी दिशा में किसी प्रकार की कमी व त्रुटि की पूर्ति के सम्बन्ध में हमारे विद्वान् पाठक जो सम्मति प्रदान करने की कृपा करेंगे उसका हार्दिक स्वागत किया जायगा।

किंग एडवर्ड कालेज,<br>अमरावती<br>अनन्त चतुर्दशी, वि. सं. १९८९.

हीरालाल

# विषयसूची

# भूमिका

## १ संशोधन सामग्री ।

अबतक सावयधम्मदोहा की प्राचीन हस्तलिखित नौ पोथियां हमारे देखने में व दो सुनने में आई हैं। इनमें से चुनी हुई चार पोथियों ( अ क ज. द. ) का अक्षरशः मिलान करके प्रस्तुत संस्करण में उनके पाठ भेद अंकित किये गये हैं व शेष से यत्र तत्र सहायता ली गई है। इन प्रतियों का परिचय इस प्रकार है—

अ. प्रति मोतीकटरा, आगरा, के दिगम्बर जैन मंदिर की है। पत्र संख्या-१८; आकार ९ ३/४''×९''; पंक्तियां प्रति पृष्ठ – ७ से ९ तक; वर्ण प्रतिपंक्ति-लगभग ३०; हाँसिया ऊपर नीचे- १'', दाँये बाँये १ १/४''। प्रारम्भ का एक और अन्त के दो पत्र दूसरे हाथ के लिखे हुए हैं। अनुमानतः पहले पत्र बहुत जीर्ण होजाने से उनकी नकल करके ये पत्र जोड़ दिये गये हैं। जीर्ण पत्रों का अब पता नही है।

प्रारम्भ–ॐ नमः सिद्धेभ्यः ।

अंत–इति श्रावकाचारदोहका जोगेन्द्रदेवकृत संपुर्ण ॥ शुभं भवतु ॥

इस प्रति में कुल दोहों की संख्या २२५ है। अधिक दोहा परिशिष्ट में देखिये। १० वें दोहे के प्रथम चरण का पाठ कुछ भिन्न है [ पाठभेदों में देखिये ]। इसके पाठ क. प्रति से अधिक मिलते हैं।

क. प्रति कारंजा के सेनगणभंडार की है। पत्रसंख्या- १६; आकार- ११''×५''; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ- ९; वर्ण प्रतिपंक्ति- लगभग ३०; हाँसिया ऊपर नीचे-३/४'', दाँये बाँये- १''।

प्रारम्भ–ॐ नमः श्री पार्श्वनाथाय ह्रीं धरणेन्द्रपद्मावतीसहिताय ।

अन्त–इय दोहाबद्धवयधम्मं देवसेनै उवदिट्ठ ।

लहुअक्खरमत्ताहीयमो पय सयण खमंतु ॥

इय दोहाबद्धसावयधम्मधम्मस्ते लिखितमिनं जगतकीर्तेण संवत् १७८० कुवार वदि १४ हृदयनग्रमध्यात् लिषितमिनं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २३५ है और एक संस्कृत श्लोक 'उक्तं च' रूप से उध्दृत किया गया है ( परिशिष्ट देखिये )। इसके पाठ अ. प्रति से अधिक मिलते हैं ।

ज. प्रति जयपुर के तेरापंथी मंदिर की है। पत्रसंख्या– ११; आकार– १०$\frac{१}{२}$" × ४$\frac{१}{२}$"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ– १३; वर्ण प्रति पंक्ति– लगभग ३५; हाँसिया ऊपर नीचे–$\frac{१}{२}$"; दाँये बाँये–१$\frac{१}{४}$".

प्रारम्भ– श्री जिनाय नमः ।

अन्त— इति श्रीश्रावकाचारदोहकं समाप्तं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २२३ है। दोहा नं. २१९ नहीं है। नबर देने में त्रुटि के कारण प्रति के अन्तिम दोहे पर नं. २२१ आया है।

द. प्रति पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर, देहली, की है। पत्रसंख्य १३; आकार–११$\frac{१}{२}$"×५" ; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ–९ से ११ तक; वर्ण प्रति-पंक्ति–लगभग ३२; हाँसिया ऊपर नीचे–$\frac{३}{४}$", दाँये बाँये– १" दोहों की संख्या २२४.

प्रारम्भ– ॐ नमो वीतरागाय ।

अन्त–इति श्रावकाचारदोहकं समाप्तम् ।

अथ संवत्सरेऽस्मिन श्री नृपविक्रमादित्यराज्य संवत् १६०३ वर्षे । श्रावण वदि ११ शुक्रदिने । मृगाशिरनक्षत्रे । व्याघात-

> नामयोगे। मानस उपजोगे। श्रीपथानुभस्थाने। श्रीसाहि असलेमसाहिराज्यप्रवर्त्तमाने। श्रीजैनसंघे महावीर तत् शिष्यणी शीलतोयतरंगिणी बाई देवकालिखापितं आत्मार्थे।
> ज्ञानवान् ज्ञानदानेन इत्यादि चार श्लोक.

इस प्रशस्ति से हमें ज्ञात होता है कि यह प्रति विक्रम संवत् १६०३ तदनुसार सन् १५४६ ईस्वी में लिखी गई थी और उस समय दिल्ली के तख्त पर साह असलेमसाह (शेरशाह सूर का बेटा सलीमशाह सूर) था। यह उल्लेख मुगल व शूरवंश के इतिहास के लिये महत्वपूर्ण है।

प. प्रति जयपुर के पाटोदी जैन मंदिर की है। पत्र संख्या–१९; दोहों की संख्या– २२४. हाँसिये पर टिप्पण है।

> अन्त– इति उपासकाचारे आचार्य श्री लक्ष्मीचन्द्रविराचिते दोहकसूत्राणि समाप्तानि। स्वस्ति संवत् १५५५ वर्षे कार्तिक सु. १५ सोमे *श्रीमूलसंघे सरस्वतीगछे बला-*त्कारगणेऽभयविद्यानंदिपट्टे मल्लिभूषण तत्शिष्य पं. लक्ष्मण-पठनार्थं दोहाश्रावकाचार।

यह प्रति वि. सं. १५५५ तदनुसार सन् १४९८ ईस्वी की लिखी हुई है। अतः प्राप्त पोथियों में जिनमें लिखने का समय पाया जाता है उन सब में प्राचीन है। दुर्भाग्य से इस प्रति का पूरा २ मिलान करने की मुझे सुविधा न मिल सकी।

प. २. यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या– ११; दोहों की संख्या– २२४. लिखने का समय नहीं दिया गया।

प ३ यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या– १४; दोहों की संख्या– २२७; लिखे जाने का समय– संवत् १६१२ वैसाख सु ११.

प. ४ यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या- ८; दोहों की संख्या- २२७; लिखे जाने का समय नहीं दिया है।

भ. प्रति भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना, की नं. १३०८/ १८९१-९५ की है। पत्र संख्या- १००, आकार- १०$\frac{3}{4}$" × ५"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ-४; वर्ण प्रतिपंक्ति- लगभग २८; हांसिया ऊपर नीचे- १", दँये बाँये- १$\frac{1}{2}$". इसमें दोहों की संख्या २२५ है। दोहा नं. २०० व २१९ नहीं हैं तथा तीन दोहे अधिक हैं [ परिशिष्ट देखिये ]। किन्तु नंबर देने में त्रुटि के कारण अन्तिम दोहे का नं. २२६ आया है। यह प्रति सटीक है। इसके पाठों व टीका का उपयोग प्रस्तुत प्रन्थ की 'टिप्पनी' में किया गया है। टीका का विशेष परिचय आगे दिया जायगा।

प्रारम्भ- अथ प्राकृत दोधकबंध उपासकाचार लिख्यते।
अन्त- इति श्रावकाचारदोहकं लक्ष्मीचन्दकृत समाप्तं। श्री।

मूलं योगीन्द्रदेवस्य लक्ष्मीचन्द्रस्य पंजिका।
वृत्तिः प्रभाचन्द्रमुनेर्म्महती तत्त्वदीपिका ॥ १॥

भ. २. यह प्रति भी उपर्युक्त भाण्डारकर इंस्टीट्यूट की है। और संवत् १५९३ की लिखी हुई है। दोहों की संख्या २२४ है तथा ग्रंथ का नाम 'श्रावकाचार दोहडा' दिया गया है।

भ. ३. यह प्रति भी उपर्युक्त भाण्डारकर इंस्टीट्यूट की है। इसमें दोहों की संख्या २२४ है। १० वें दोहे का पाठ अ प्रति के समान है (पाठभेद देखिये)। यह संवत् १५९९ की लिखी हुई है।

अन्त- इति उपासकाचारे आचार्यलक्ष्मीचन्द्राविरचिते दोहक- सूत्राणि समाप्तानि।

उपर्युक्त दोनों प्रतियां रत्नकीर्ति के शिष्य आर्य व ब्रह्म बहोडन के किये लिखी गई हैं। वे उपर्युक्त इंस्टीट्यूट के नं. ९९२/१८८७-९१ के एक

ही गुटके में बंधी हुई हैं। इन प्रतियों को हमने नहीं देख पाया। उनका परिचय हमें हमारे मित्र श्रीयुक्त ए. एन. उपाध्ये, एम ए., अर्धमागधी प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर, के एक पत्र से प्राप्त हुआ है।

## २ ग्रन्थकर्ता

यह ग्रन्थ किसका बनाया हुआ है यह प्रश्न बड़ा जटिल है। ग्रन्थ के मूलभाग में कर्ता का कहीं, कोई, किसी प्रकार का भी उल्लेख नहीं पाया जाता। किन्तु जिन हस्तलिखित प्रतियों का ऊपर परिचय दिया गया है उनमें से अनेक के अन्त में ग्रन्थसमाप्तिसूचक वाक्यों में ग्रन्थकर्ता का नामोल्लेख किया गया है। हम यहां इन्हीं उल्लेखों की सूक्ष्म जांच कर सच्चे ग्रन्थकर्ता के पता लगाने का प्रयत्न करेंगे।

तीन पोथियों (प; म; भ. २.) में यह ग्रन्थ लक्ष्मीचन्द्रकृत या विरचित कहा गया है। विद्यानन्दि के शिष्य श्रुतसागर कृत षट्प्राभृत टीका में इस ग्रन्थ के आठ दोहे उध्दृत किये गये हैं और दो स्थानों पर उन दोहों के कर्ता स्पष्ट रूप से लक्ष्मीचन्द्र या लक्ष्मीधर कहे गये हैं– 'तथा चोक्तं लक्ष्मीचन्द्रेण गुरुणा'; 'तथा चोक्तं लक्ष्मीधरेण भगवता'। कहने की आवश्यकता नहीं कि ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति के द्योतक हैं। इससे भी उक्त प्रतियों के कथन की पुष्टि होती है। षट्प्राभृतटीका की प्रकाशित पुस्तक की भूमिका में जो श्रुतसागर का परिचय दिया गया है उससे ज्ञात होता है कि लक्ष्मीचन्द्रजी उनके समसामयिक थे तथा उनकी गुरुपरम्परा इसप्रकार थी– विद्यानन्दि– मल्लिभूषण– लक्ष्मीचन्द्र। उनकी एक चेली ने आशाधर कृत 'महाभिषेकभाष्य' को अपने हाथ से लिखकर संवत् १५८२ में पूरा किया था। इन उल्लेखों से ऐसा प्रतीत होता है कि लक्ष्मीचन्द्रजी ही प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता थे, तथा वे संवत् १५८२ के लगभग हुए हैं।

किन्तु भ. प्रति में जो अन्तिम श्लोक है उससे इस कथन की सत्यता में सन्देह उपस्थित हो जाता है। इस श्लोक में प्रस्तुत ग्रन्थ के साथ

तीन नामों का सम्बन्ध बतलाया गया है-मूलग्रन्थकार योगीन्द्रदेव, पंजिका-कार लक्ष्मीचन्द्र और वृत्तिकार प्रभाचन्द्र मुनि। इसी कथन के साथ साथ प. प्रति के अन्तिम वाक्य पर विचार कीजिये। उस वाक्य में कहा गया है कि संवत् १५५५, कार्तिक सुदि १५, सोमवार को विद्यानन्दि के पट्ट पर अधि-ष्ठित मल्लिभूषण के शिष्य पं. लक्ष्मण के पठनार्थ दोहकश्रावकाचार लिखा गया। हमारा अनुमान है कि लक्ष्मण लक्ष्मीचन्द्र का दीक्षित होने से पूर्व का नाम है और उन्ही की शिष्यावस्था में उनके पठनार्थ वह प्रति तैयार हुई थी। इससे निश्चय होगया कि लक्ष्मीचन्द्रजी इन दोहों के मूलकर्ता नहीं हैं। उनकी बनाई हुई 'पंजिका' कौनसी है इसपर आगे चलकर विचार किया जायगा। प. प्रति में जो 'लक्ष्मीचन्द्रविरचिते' वाक्य आगया उसी से पीछे के लिपिकारों ने तथा श्रुतसागरजी ने धोखा खाया। यथार्थ में वहां 'श्री लक्ष्मीचन्द्रलिखिते' या श्रीलक्ष्मीचन्द्रार्थेलिखिते' पाठ होना चाहिये था। लक्ष्मीचन्द्रकृत अन्य कोई संस्कृत, प्राकृत व अपभ्रंश ग्रन्थ हमारे देखने सुनने में नहीं आया।

ग्रन्थकर्ता की खोज में अब हमारी दृष्टि योगीन्द्रदेव पर जाती है जो अ. और भ. प्रति में इस ग्रन्थ के कर्ता कहे गये हैं। योगीन्द्रदेव के अबतक चार ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं-परमात्मप्रकाश, योगसार, अमृताशीति और निजात्माष्टकम्। इनमें से प्रथम दो प्रस्तुत ग्रन्थ के समान ही अप-भ्रंश दोहों में रचे गये हैं। तीसरा ग्रन्थ संस्कृत व चौथा प्राकृत में है। श्रीयुक्त उपाध्ये ने एक अंग्रेजी लेख में प्रस्तुत ग्रन्थ व परमात्मप्रकाश का मिलान कर यह मत प्रकट किया है कि इन दोनों की रचना में एक दो जगह साधारण साम्य को छोड़ कोई स्मरणीय सादृश्य नहीं है। हमने ग्रन्थकार के सभी ग्रन्थों को इसी हेतु से देखा। तीन ग्रन्थों में से तो कोई सादृश्य नहीं मिला किन्तु परमात्मप्रकाश में निम्न लिखित उक्तियों पर दृष्टि अटकी। मिलान की सुविधा के लिये हम प्रस्तुत ग्रन्थ के अवतरणों के साथ साथ इन्हें यहां लिखते हैं —

| परमात्मप्रकाश | सावयधम्मदोहा |
|---|---|
| ८ भावें पणविवि पंचगुरु | १ पणवेप्पिणु भावें पंचगुरु |
| २०३ मरगउ जेण वियाणियउ तहिं कंचि कउ गण्णु। | २ जिम मरगउ कच्चेण |
| २१८ खीला लग्गिवि ते जि मुणि देउलु देउ कहंति। | १०६ देउल लग्गिय खिल्लियइं किं ण पलोइइ मुक्खु। |
| २२१ अत्थउ कहिं मि कुडिल्लियइं | ११२ जाम ण देहकुडिल्लियइं |
| २३९ रूवि पयंगा सद्दि मिय ... | १२६ रूवासत्त पयंगडा ... |
| २४१ लोहइं लग्गिवि हुयवहइं पिक्खु पडंतउ तोडु। | १३४ लोहमुक्कु सायरु तरइ पेक्खु परोहण तेम। |
| २६८ मूलविणट्ठइं तरुवरहं अवसइं सुक्कहिं पण्ण। | ४५ अह कंदलि उप्पाडियइं वेल्लिहे पत्त समत्त। |
| २९२ तुट्टइ मोहु तडत्ति तसु | १०० फुट्टिवि जाइ तडत्ति |

अब प्रश्न यह है कि क्या अ. और म. प्रति के कथन तथा उपर्युक्त सादृश्य पर से यह ग्रन्थ योगीन्द्रदेवकृत कहा जा सकता है ? सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर इन सादृश्यों में हमें ऐसा एक भी नहीं दिखता जो आकस्मिक न हो सकता हो। फिर, भाषा को छोड़ कर जब हम विषय पर आते हैं तो योगीन्द्र के ज्ञात ग्रन्थों तथा प्रस्तुत ग्रन्थ में बड़ा अन्तर मिलता है। योगीन्द्र यथार्थ नाम योगीन्द्र ही थे। उनके सब ग्रन्थ अध्यात्म तत्वों से ओतप्रोत हैं। उनका उपदेश आदि से अन्त तक यही है कि बाह्य क्रियाओं व आडम्बरों में कुछ तथ्य नहीं है। अपनी आत्मा में लीन होने से ही सच्चा सुख मिल सकता है। योगीन्द्र को सृष्टि आत्ममय दिखती थी। उनके विचार वेदान्तियों कैसे थे। वे देव, शास्त्र, गुरु की पूजा के बहुत परे थे। उनके विचार थे—

देउलु देउ वि सत्थु गुरु तित्थु वि वेउ वि कव्वु ।
वत्थु जु दीसइ कुसुमियउ इंधणु होसइ सव्वु ॥ पर. २५७॥

कासु समाहि करउं को अंचउँ ।
छोपु अछोपु करिवि को वंचउँ ॥
हल सह कलहि केण सम्माणउँ ।
जहिं जहिं जोवउं तहिं अप्पाणउँ ॥ योग. ३९ ॥

इन विचारों को लेकर यह संभव नहीं जान पड़ता कि उन्होंने दान, पूजा, उपवासादि के महत्व के प्रतिपादक प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना की होगी। यह हो सकता है कि उन्होंने योगीन्द्र होने से पूर्व गृहस्थावस्था में ही इस ग्रन्थ की रचना की हो। किन्तु एक तो इस ग्रन्थ में उनकी भावी अध्यात्मिकता के कोई विशेष लक्षण नहीं पाये जाते। दूसरे कवित्व की दृष्टि से प्रस्तुत ग्रन्थ योगीन्द्र के अन्य ग्रन्थों से अधिक प्रौढ जान पड़ता है। अतः एक ही ग्रन्थकार की कृति मानने पर उसे इन ग्रन्थों से पूर्व रचित कहना उपपन्न नहीं जँचता।

ग्रन्थकार के सम्बन्ध में हमें जो तीसरा संकेत मिलता है वह क. प्रति के अन्तिम दोहे में है। उसमें यह ग्रन्थ 'देवसेनें उवदिट्ठ' अर्थात् देवसेन द्वारा उपदिष्ट कहा गया है। दिगम्बर जैन ग्रन्थकारों में देवसेन एक सुप्रसिद्ध प्राकृत कवि हुए हैं। उनके प्रकाशित ग्रन्थ दर्शनसार, आराधनासार, तत्वसार, नयचक्र, आलाप पद्धति व भावसंग्रह- इस समय हमारे सन्मुख हैं। आलापपद्धति को छोड़ शेष सब ग्रंथ प्राकृत भाषा में रचे गये हैं। दर्शनसार को छोड़ शेष सब माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला में प्रकाशित हुए हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ से साम्य की खोज में हमनें इन सब को देख डाला। भावसंग्रह में हमें हमारे ग्रन्थ से कुछ विशेष सादृश्यतायें मिली हैं। उन्हें हम यहां उद्धृत करते हैं-

| सावयधम्मदोहा | | भावसंग्रह | |
|---|---|---|---|
| ३ | जिह समिलहिं सायर गयहिं<br>दुल्लहु जूयहु रंधु ।<br>तिह जीवहं भवजलगयहं<br>मणुयत्तणि संबंधु ॥ | १६९ | अहवा जइ कहव पुणो<br>पावइ मणुयत्तणं च संसारे ।<br>जुयसमिला संजोए<br>लहइ ण देसो कुलं आऊ ॥ |
| २२ | मज्जु मंसु महु परिहरहि<br>करि पंचुंबर दूरि । | ३५६ | महुमज्जमंसविरई<br>चाओ पुण उंबराण पंचण्हं । |
| ८१ | दंसण रहिय कुपत्ति जइ<br>दिण्णइ ताह कुभोउ । | ५३३ | कुच्छियपत्ते किं चि वि<br>फलइ कुदेवेसु कुणरतिरएसु । |
| ८२ | हयगयसुणहहं दारियहं<br>मिच्छादिट्ठिहिं भोय । | ५४४ | केई पुण गयतुरया<br>गेहे रायाण उण्णई पत्ता । |
| ८३ | तं अपत्तु आगमि भणिउ<br>णउ वयदंसणु जासु ।<br>णिप्फलु दिण्णउ होइ तसु<br>जह ऊसरि कउ सासु ॥ | ५३२ | ऊसरखित्ते बीयं सुक्खे रुक्खे<br>य णीरअहिसेओ । जह तह<br>दाणमवत्ते दिण्णं खु णिर-<br>त्थयं होइ ॥ |
| ८५ | इक्कु वि तारइ भवजलहि<br>बहुदायार सुपत्तु ।<br>सुपरोहणु एक्कु वि बहुय<br>दीसइ पारहु णिंतु | ५०९ | जह णावा णिच्छिद्दा....<br>तारइ पारावारे.... |
| | | ५१० | तह संसारसमुद्दे...<br>तारेइ गुणाहियं पत्तं । |
| १६१ | इकछिद्दिय पाहणभरिय<br>बुड्डइ णाव ण भंति | ५४८ | णावा जह सच्छिद्दा<br>परमप्पाणं च उवहिसलिलम्मि<br>बोलेइ तह कुपत्तं<br>संसार महोवही भीमे ॥ |

८६ दाणु कुपत्तहं दोसडइ
बोलिज्जइ णहु भंति ।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं
दीसइ उत्तारंति ॥

५४७ पत्थरमया वि दोणी
पत्थरमप्पाणयं च बोलेइ ।
जह तह कुच्छियपत्तं
संसरि चेव बोलेइ ॥

१९२ णमणट्ठियहं तरंडउ वि
अहव ण पावइ पारु ।

१८७ जह पाहाणतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणी तोए।
वुड्ड विगयाधारो...

२२१ लोहकज्जि दुत्तरतरणि
णाव वियारिय तेण ।

५४९ लोहमए कुतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणीवाहे ।

८९ काइं बहुत्तइं संपयइं
जइ किविणहं घरि होइ ।

५५९ किविणेण संचयधणं
ण होइ उवयारियं जहा तस्स ।

९३ जो घरि हुंतइं धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥

५१६ जो पुण हुंतइं धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहो छंडेइ ॥

९६ उत्तमाइं भोयावणिहिं

९७ घरि घरि दस कप्पयर जहिं
ते पूरहिं अहिलासु ।

५८७ पुण्णबलेणुववज्जइ
कहमवि पुरिसो य भोयभूमीसु।
भुंजेइ तत्थ भोए
दहकप्पतरुब्भवे दिव्वे ॥

५९१ पायव दसप्पयारा
चिंतियं दिंति मणुयाणं ।

१३१ ण्हाणें सुज्झइ भंतिकउ
छित्तउ चंडालेण ।

१७ मण्णइ जलेण सुद्धिं
२० को इह जलेण सुज्झइ
२३ ण्हंता वि ते ण सुद्धा
२४ किं कुणइ तेसु ण्हाणं

१७० सुक्कमणि तलाउ

१८६ अह सरवरि णइसारिणइं
पाणिउ होइ अगाहु ।

१८३ जलधारा जिणपयगयउ
रयहं पणासइ णामु ।

३९२ अह गिरिणई तलाए
अणवरयं पविसए सलिल-
परिपुण्णं ।

३१९ गिरिणिग्गउ णइवाहो
पविसइ सरम्मि अहाणवरयं ।

४७० पसमइ रयं असेसं
जिणपयकमलेसु दिण्ण जल-
धारा ।

इन अवतरणों में भाव, भाषा व उक्तिविशेष का सादृश्य विचारणीय है। इसके अतिरिक्त कुछ शब्दों का साम्य भी उल्लेखनीय है—

कप्पड (सा. ५६, भा. ५७३); छंड या छड्ड (सा. ३९ आदि, भा. २११ आदि); तलाअ (सा. १७०, भा. ३९२); एवड्ड (सा. १५९, भा. ४१५); चडप्फड (सा. १२४,१५८, भा. ४५); तरंड (सा. १९२, भा. ५४९); कंज (सा. १२५, भा ४४९). ४१ वें दोहे का पुट्ठिमंस संभव है १७३ वीं गाथा के 'पिठर' का ही बोधक हो (देखो ४१ दोहे की टिप्पनी)।

यथार्थ में सावयधम्म के २२४ दोहे व भावसंग्रह की ३५० से ५९९ तक की २५० गाथाओं के विषय, भाव व भाषा में असाधारण सादृश्य है। कहीं एक ही विषय दोनो में एकही प्रकार से आया है, जैसे—

१. पात्र और दान का विवेक– सा. ७९ आदि; भा ४९७ आदि.

२. घृतादि सर्वरसाभिषेक – सा. १८१ आदि; भा. ४३८ आदि.

३. अष्टद्रव्यपूजा और फल – सा. १८४ आदि; भा. ४७१ आदि.

४. धर्म से स्वर्गादि सुख और मोक्ष–सा.१६३ आदि; भा. ४८४ आदि.

किसी किसी विषय का एक ग्रन्थ में उल्लेख मात्र तथा दूसरे में उसका पूरा विवरण मिलता है, जिससे ये दोनों ग्रन्थ एक दूसरे के परिपूरक से ज्ञात होते हैं; जैसे–

१. अष्टमूलगुण व बारह व्रत का भावसंग्रह की ३५२ व ३५६ वीं गाथाओं में उल्लेख मात्र है। सावयधम्म के १० से ५२ तक के ४३ दोहों में इन्ही का सविस्तर वर्णन है।

२. भावसंग्रह की ३७५ वीं गाथा में तीर्थंकर के अष्ट प्रातिहार्य का उल्लेख मात्र है। सावयधम्म में उन आठों का आठ दोहों (१७० – १७७) में काव्य की रीति से वर्णन है।

३. सावयधम्म के २१२ वें दोहे में सिद्धचक्र की स्थापना का बहुत सूक्ष्म उल्लेख है। इसी विषय का भावसंग्रह की ४४३ – ४५६ गाथाओं में बहुत विशद वर्णन है।

इस प्रकार इन दोनो ग्रन्थों में एक ही कर्ता का हाथ दिखाई देता है। विशेषतः सावयधम्म का जो ९३ वां दोहा भाव संग्रह के ५१६ नं. पर जैसा का तैसा पाया जाता है उससे इस विषय में बहुत कम सन्देह रह जाता है। भावसंग्रह जिन दो हस्तलिखित प्रतियों पर से छपाया गया है उनमें से एक प्रति में यह दोहा ' उक्तं च ' रूपसे पाया गया है। किन्तु अधिक पुरानी प्रति में ' उक्तं च ' शब्द नहीं हैं। यदि 'उक्तं च' शब्द मूल के ही मान लिये जांय तो इससे यही सिद्ध होता है कि सावयधम्म की रचना भावसंग्रह से पूर्व हो चुकी थी और कर्ता ने उस दोहे को यहां प्रसंगोपयोगी जान उध्दृत कर दिया। ऐसी द्विरुक्ति देवसेनजी के अन्य ग्रन्थों में भी पाई जाती है। इसी भावसंग्रह में उनके दर्शनसार की अनेक गाथायें आई हैं। उक्त दोहे को पीछे का प्रक्षिप्त मानने का न तो कोई प्रमाण है और न कोई कारण।

एक और बात है जो प्रस्तुत ग्रन्थ को देवसेनकृत स्वीकार करने में सहायता पहुंचाती है। देवसेनकृत जिन ग्रन्थों का उल्लेख हम ऊपर कर

आये हैं उनमें एक 'नयचक्र' भी है। माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला में यह लघु नयचक्र के नाम से छपा है और उसी के साथ एक और बृहत् नयचक्र छपा है जो माइल्लदेवकृत है। मिलान करने से ज्ञात हुआ है कि बृहत् नयचक्र में लघु नयचक्र पूरा गुंथा हुआ है। यदि हम पहले को दूसरे का परिवर्धित रूप या दूसरे को पहले का संक्षिप्तरूप कहें तो अनुचित न होगा। इस परिवर्धित रूप के अन्त में निम्न लिखित चार गाथायें पाई जाती हैं—

सुणिऊण दोहरत्थं सिग्घं हसिऊण सुहंकरो भणइ।
एत्थ ण सोहइ अत्थो गाहाबंधेण तं भणह ॥ ४१८ ॥

सियसद्दसुणयदुण्णयदणुदेहविदारणेक्कवरवीरं।
तं देवसेनदेवं णयचक्कयरं गुरुं णमह ॥ ४२१ ॥

दव्वसहावपयासं दोहयबंधेण आसि जं दिट्ठं।
गाहाबंधेण पुणो रइयं माइल्लदेवेण ॥ ४२२ ॥

दुसमीरणेण पोयप्पेरिय संतं जह तिरं णट्ठं (?)।
सिरिदेवसेणमुणिणा तह णयचक्कं पुणो रइयं ॥ ४२३ ॥

इन गाथाओं का अर्थ की दृष्टि से क्रम ठीक नहीं जान पड़ता तथा ४२३ वीं गाथा का पाठ कुछ भ्रष्ट है अतएव उसका भाव भी कुछ अस्पष्ट है। किन्तु मेरी समझ में इनका भाव यह आता है कि कोई प्राचीन नयचक्र अप्रसिद्ध होगया था उसका पुनरुद्धार करने की दृष्टि से देवसेन ने फिरसे उसकी रचना की *। यह रचना दोहाबंध में हुई जिसे सुनकर एक शुभंकर महाशय ने हँस दिया और कहा कि यह अर्थ इस छंद में नहीं सोहता, इसे गाथाबद्ध करो। तदनुसार उनके शिष्य माइल्लदेव ने उसे गाथाओं में परिवर्तित किया।

---

* देवसेनजी को प्राचीन रचनाओं को खोजकर उनके पुनरुद्धार की बड़ी रुचि थी। दर्शनसार में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पुरानी गाथाओं का संचय करके ही उन्होंने उस ग्रन्थ को रचा।

यदि उक्त गाथाओं का यही ठीक भावार्थ हो तो हमें उससे दो बातें ज्ञात होती हैं। एक तो यह कि दोहा छंद का आविष्कार उस समय संभवतः नया था और पंडित-मंडली में वह हेय दृष्टि से देखा जाता था। दूसरी यह कि देवसेन को इस छंद में ग्रन्थरचना करने की रुचि थी। उनके भावसंग्रह में ही पांच पद्य अपभ्रंश भाषा के रड्डा छंद के पाये जाते हैं और शेष भाग में भी अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रभाव दिखता है। नयचक्र का विषय पाण्डित्यपूर्ण न्याय था। अतः 'शुभंकर' के कुचक्र से उसका दोहाबद्ध रूप नष्ट कर दिया गया। किन्तु सावयधम्म साधारण गृहस्थों के लिये लिखा गया था इससे वह उस कुचक्र से बच गया।

सौभाग्य से देवसेनजी के समय व देश के सम्बन्ध में कोई अनिश्चय नहीं है। उन्होंनें अपने दर्शनसार ग्रन्थ के अन्त में स्पष्ट रूप से कह रक्खा है कि उन्होने उस ग्रन्थ की रचना धारा नगरी के पार्श्वनाथ मंदिर में बैठकर संवत् ९९० की माघ सुदि १० वीं को समाप्त की। यथा—

'पुव्वायरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ।
सिरिदेवसेणगणिणा धाराए संवसंतेण ॥ ४९ ॥

रइओ दंसणसारो हारो भव्वाण णवसए णवए।
सिरि पासणाहगेहे सुविसुद्धे माहसुद्धदसमीए ॥ ५० ॥

धारा नगरी व मालवा प्रान्त में सदैव विक्रम संवत् का प्रचार रहा है तथा दर्शनसार में अन्यत्र जहां जहां संवत् का उल्लेख आया है वहां कर्ता ने स्पष्टतः 'विक्कमकालस्स मरणपत्तस्स' ऐसा कहा है। इससे उपरोक्त संवत् के भी विक्रम संवत् होने में कोई संदेह को स्थान नहीं है। धारानगरी विद्वानों के जुटाव के लिये प्राचीन काल में प्रसिद्ध ही रही है। प्राकृत भाषा का भी यहां अच्छा पठन होता रहा है। उपलब्ध प्राचीनतम प्राकृत कोष 'पाइयलच्छी-नाम-माला' की रचना भी जैन कवि धनपाल ने

विक्रम संवत् १०२९ में यहीं की थी व यहां के निवासी प्रभाचन्द्र पंडित ने विक्रम संवत् ११९२ के आसपास पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखे थे। (देखो णायकुमारचरिउ, भूमिका)।

अतः सिद्ध हुआ कि प्रस्तुत सावयधम्मदोहा के कर्ता देवसेन हैं, उसकी रचना विक्रम संवत् ९९० के लगभग मालवा प्रान्त की धारा नगरी में हुई है तथा यह ग्रन्थ दोहा छंद का एक प्राचीनतम उदाहरण है।

## ३ ग्रन्थ का नाम, प्रचार, टीकाटिप्पनी व परम्परा.

इस ग्रन्थ का विषय श्रावकों का धर्म व आचार है। इस विषय के जैन ग्रन्थों का नाम प्रायः श्रावकाचार व उपासकाचार ही रक्खा जाता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ अधिकांश पोथियों में 'श्रावकाचार दोहक' या 'उपासकाचार' कहा गया है। किन्तु मूल ग्रंथ में यह नाम कहीं नही पाया जाता। 'श्रावकाचार' शब्द तक मूल ग्रन्थ में कहीं नही आया। ग्रन्थ कर्ता ने प्रथम ही दोहे में इसे 'सावयधम्म' कहा है व अन्त में (२२२ वां दोहा) इसे 'धम्मधेणु संदोहयहं' 'दोहों की धर्मधेनु' कहा है। क. प्रति में ग्रन्थ का नाम 'दोहाबद्ध सावयधम्म' दिया गया है। यही नाम कर्ता को अभीष्ट ज्ञात होता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम 'सावयधम्म-दोहा' रक्खा गया है।

जान पड़ता है गत शताब्दियों में इस ग्रन्थ का कुछ अच्छा प्रचार रहा है, इसी से इसकी हस्तलिखित प्रतियां दिल्ली, आगरा, जयपुर, बरार व पूना में पाई गई हैं। कई प्राचीन लेखकों ने इसके सुंदर दोहे अपनी कृतियों में उध्दृत किये हैं। 'दोहा पाहुड*' में इसका एक दोहा (२१३) पाया जाता है। श्रुतसागर ने अपनी षट्प्राभृत टीका में इसके आठ दोहे (१०५, १०९–

---

* यह ग्रन्थ भी अपभ्रंश दोहों में है। इसे भी इस ग्रन्थमाला में प्रकाशित करने का प्रबन्ध हो रहा है।

११२, ११९, १४८ और १५६ ) उध्दृत किये हैं जैसा कि ऊपर कह आये हैं। ब्रह्म नेमिदत्त कृत प्रीतिंकरचरित में इसके दो दोहे ( २८, ६७ ) पाये गये हैं। सूक्ष्म परिशीलन से और अनेक ग्रन्थ में इन दोहों के पाये जाने की सम्भावना है।

भ प्रति के अन्तिम श्लोक से हमे ज्ञात हुआ है कि इस ग्रंथ पर लक्ष्मीचन्द्र ने एक ' पंजिका ' तथा प्रभाचन्द्रमुनि ने एक ' तत्त्वदीपिका ' नामक ' वृत्ति ' लिखी। किन्तु उस पोथी पर से यह नही ज्ञात हो सका कि उसपर की टीका इनमें से कौन सी है। उस प्रति के वेष्टन पर भण्डारकर इन्स्टीटयूट के कर्मचारियों ने ' दोधक श्रावकाचार लक्ष्मीचन्द्र की पंजिका सहित ' ऐसा लिख रखा है जिससे ज्ञात होता है कि उनकी समझ धे वही टीका लक्ष्मीचन्द्र कृत पंजिका है। इसके लिये उनका आधार उक्त श्लोक के अतिरिक्त और कुछ नही दिखता। इसके निर्णय के लिये और कोई प्रमाण न पा हमारा ध्यान ' पंजिका ' व ' वृत्ति ' के अर्थ व भेद पर जाता है। हेमचन्द्राचार्य ने टीका व पंजिका की परिभ षा इस प्रकार की है **' टीका निरन्तरव्याख्या पञ्जिका पदभञ्जिका '** और इसकी टीका है 'सुगमानां विषमाणां च निरन्तरं व्याख्या यस्यां सा टीका। विषमाण्येव पदानि भनक्ति पदभञ्जिका '। इससे हमे ज्ञात हुआ कि लगातार व्याख्या का नाम टीका और केवल कठिन शब्दों की व्याख्या का नाम पञ्जिका है। हम ' वृत्ति ' की भी कोई प्राचीन परिभाषा जानना चाहते थे किन्तु वह हमें फिर हाल कहीं मिली नही। पर ' वृत्ति ' का हम यह अर्थ समझते आये हैं कि उसमें मूल का सरल शब्दों में अनुवाद दिया जाता है जिसे अंग्रेजी में paraphrase कह सकते हैं। भ. प्रति की टीका हमें इसी प्रकार की ज्ञात होती है। उसे हम उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार पञ्जिका नही कह सकते। उसमें केवल विषम पदो की व्याख्या नही है किन्तु पूरे दोहे का सरलार्थ देने का प्रयत्न किया गया है। हमारा अनुमान है कि यह लक्ष्मीचंद्रजी की ' पञ्जिका ' नहीं किन्तु प्रभाचन्द्रमुनि की ' महती तत्वदीपिका वृत्ति ' है।

इस वृत्ति में अन्तिम सात दोहों का अर्थ नहीं समझाया गया। हमने इस वृत्ति का उपयोग अपनी टिप्पनी में किया है। दो चार स्थानों पर इस वृत्ति से दोहों के अर्थ पर अच्छा प्रकाश पड़ा है और इसलिये हम इसके कर्ता का उपकार मानते हैं। किन्तु इस वृत्ति के कर्ता अपने लक्ष्य में कहां तक सफल हुए हैं यह टिप्पनी में स्थान स्थान पर उध्दृत अंशों से पाठकों को ज्ञात हो जावेगा। लेखक का साहस तो अवश्य प्रशंसनीय है किन्तु सत्य के नाते हमें कहना पड़ता है कि उनकी यह चेष्टा अधिकांश अनधिकार ही थी। उनके सन्मुख न तो मूल ग्रन्थ की शुद्ध कापी ही थी और न उनमें उसे शुद्ध कर सकने की शक्ति थी। वे अपभ्रंश भाषा के कुछ अच्छे जानकार ज्ञात नहीं होते। हां, विषय के जानकार अवश्य थे। उसी के सहारे बहुत कुछ अटकल पच्चू लिखते गये हैं। एकाध जगह तो उनका अटकल भी अटक गया ( देखो दोहा नं. १३५ की टिप्पनी )। उनका संस्कृत का ज्ञान भी बहुत अधूरा था। वे लिङ्ग, वचन, तिङन्त कृद-न्तादि के सब नियमों के परे थे। हम यह ऐसी त्रुटियों पर से नहीं कह रहे हैं जो लिपिकारकृत हों। उनकी भाषा में ऐसी त्रुटियां हैं जो लिपिमात्र के प्रमाद से नहीं हो सकतीं। वे कवित्व से भी सर्वथा हीन थे। मूल की सुन्दर सुन्दर उपमाओं व सूक्तों पर उन्होंने अपनी वृत्ति द्वारा पानी फेर दिया है। सारे ग्रन्थ में कठिनाई से दसबीस दोहे ऐसे होंगे जिनका पूरा भाव और शब्दार्थ उनकी वृत्ति में आगया हो। पूर्णतः शुद्ध संस्कृत तो शायद किसी एक दोहे की वृत्ति में भी न मिलेगी। पहले विचार हुआ था कि इन वृत्तियों के कुछ नमूने यहां उध्दृत किये जांय और इस हेतु कितने ही दोहों की वृत्तियां लिख भी डालीं थी। किन्तु पीछे उन्हें अनावश्यक जान छोड़ दिया। इस वृत्ति के विषय में हमने जो बातें यहां कही हैं उनके यथेष्ट प्रमाण टिप्पनी में उध्दृत अंशों में ही पाठकों को मिल जांयगे।

ये वृत्तिकार कब कहां हुए इसके न तो कोई प्रमाण हमारे सन्मुख हैं और न इसकी कुछ जांच पड़ताल करने की इच्छा ही होती। हां, इतना

कह देना आवश्यक प्रतीत होता है कि यदि इसके कर्ता प्रभाचन्द्र नामधारी ही थे तो वे पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखने वाले वे प्रभाचन्द्र नहीं हो सकते जिनका हम ऊपर उल्लेख कर आये हैं। प्रभाचन्द्र नामके अनेक मुनि और कर्ता हुए हैं (देखो 'रत्नकरण्ड श्रावकाचार भूमिका पंडित जुगलकिशोर मुख्तार कृत, व जैनशिलालेखसंग्रह भाग १)। यह कृति कोई बहुत प्राचीन ज्ञात नहीं होती।

अब प्रश्न यह है कि इन दोहों की लक्ष्मीचन्द्रकृत 'पञ्जिका' कौनसी है। हमारा अनुमान है कि जो टिप्पण प. प्रति पर पाया जाता है वही यह पञ्जिका है। उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार टिप्पण और पञ्जिका में कोई बड़ा भेद ज्ञात नहीं होता।

अब हम पूर्वोक्त पोथियों की विशेषताओं पर से इस ग्रन्थ की परम्परा का कुछ अनुमान कर सकते हैं। देवसेनकृत मूल ग्रन्थ वि. सं. ९९० के लगभग तैयार हुआ। आगामी पांच सौ वर्षों में इसकी तीन प्रकार की प्रतियां प्रचलित होगईं। एक में कर्ता का नाम देवसेन पाया जाता था इसलिये हम इसे दे. प्रति कहेंगे। इसी पर से ह. अर्थात् हृदयनगर की वह प्रति तैयार हुई जिसमें ग्यारह दोहे और जुड़ गये तथा जिसपर से संवत् १७८० में हमारी क. प्रति तैयार हुई। दूसरी प्रति में परमात्मप्रकाश की भाषा व छन्द के साम्य पर से ग्रन्थ के कर्ता का नाम योगीन्द्रदेव जुड़ गया था। इसमें दोहों की संख्या २२४ थी। इसे हम यो. कहेंगे। इसी पर से हमारी अ. प्रति तैयार हुई होगी। हम कह चुके हैं कि अ. प्रति के पाठ क. से बहुत कुछ मिलते हैं अतएव इसका ह. से भी कुछ सम्बन्ध ज्ञात होता है। तीसरी प्रति में दोहों की संख्या २२३ या २२४ थी किन्तु कर्ता का नाम कोई भी नहीं पाया जाता था इसे हम वि. प्रति कहेंगे। इस पर से हमारी पांच प्रतियां (अ, प, द, प २ और भ २) तैयार हुई प्रतीत होती हैं। प. प्रति गुजरात में मल्लिभूषण के शिष्य लक्ष्मण ने सं. १५५५ में लिखाई। आगे चलकर ये ही लक्ष्मण लक्ष्मीचन्द्रके नाम से मल्लिभूषण के उत्तराधिकारी

हुए। भ. प्रति के अनुसार उन्होंने इस ग्रंथ की पंजिका बनाई जो प. प्रति पर का टिप्पण ही ज्ञात होता है।

हमारा अनुमान है कि भ. प्रति वाले तीन अधिक दोहे भी लक्ष्मीचन्द्रजी के ही बनाये हुए हैं। इस प्रकार उनकी तैयार की हुई (ल.) प्रति में २२७ दोहे होगये, जिस पर से २२७ दोहों वाली हमारी तीन प्रतियां [ भ ३, प ३, प ४ ] तैयार हुईं। भ. प्रति में तीन अधिक दोहे हैं, योगीन्द्रदेव मूल ग्रन्थकार कहे गये है तथा २१९ वां दोहा नहीं है। अतः उसका सम्बन्ध ल. अ. और ज. तीन प्रतियों से था। इस परम्परा को हम वृक्ष द्वारा और भी स्पष्टता से व्यक्त कर सकते हैं। जिन प्रतियों के नाम के साथ * यह चिन्ह है वे अबतक मिली नहीं हैं।

एक प्रश्न और है जिस पर भी यहां कुछ विचार कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है। दोहा नं. २२२ में जो कुछ कहा गया है उससे ज्ञात होता है कि उसके ऊपर के दोहों की संख्या मूलतः २२० थी। यद्यपि अ. प्रति में ' विंसुत्तरइं ' की जगह ' वावीसुत्तरइं ' पाठ है पर वह स्पष्टतः कल्पित है। अब प्रश्न यह है कि वह कौन सा दोहा है जो मूल में नहीं था तथा जिसके कारण हमारे दोहों की संख्या २२० की जगह २२१ होगई है। जैसा उपर कह आये हैं, ज. और भ. प्रतियों में दोहा नं. २१९ नहीं है। क्या वही दोहा पीछे का जोड़ा हुआ है? वह दोहा इतना सुन्दर तथा ग्रंथकार की शैली के इतना अनुकूल है कि उसे प्रक्षिप्त मानने को जी नही चाहता यद्यपि दोहा नं. २२१ की प्रथम पंक्ति प्रायः वही होने से यह भी संभव जान पड़ता है कि वह प्रक्षिप्त हो। इसका यथार्थ निर्णय कर निकालना बड़ा कठिन है और इसकी कोई बड़ी आवश्यकता भी प्रतीत नहीं होती। भर्तृहरि आदि कृत शतकों में प्रायः सौ से अधिक ही दोहे पाये जाते हैं।

## ४ भाषा और व्याकरण.

प्रस्तुत ग्रन्थ धार्मिक उपदेश तथा सूक्ति की दृष्टि से तो सुन्दर है ही पर उसका और भी विशेष महत्व उसकी भाषा में है। जैन भंडारों की सूचियों में इस भाषा के ग्रन्थ प्रायः ' मागधी भाषा ' के नाम से दर्ज किए हुए मिलते हैं किन्तु यह भाषा न तो मागधी है और न अन्य शौरसेनी आदि प्राचीन प्राकृत। किन्तु इन प्राकृतों ने प्रचलित देशी भाषाओं के पूर्व जो रूप धारण किया था वही इन ग्रन्थों में पाया जाता है। यह उनका विकसित या अपभ्रष्ट रूप है और इसी से इस भाषा का नाम अपभ्रंश या अवहट्ठ पड़ा। प्राकृत व अपभ्रंश भाषायें समय समय पर जनसाधारण की भाषायें रही हैं और इसीलिये वे अपने अपने समय में संस्कृत से भी अधिक मधुर और प्रिय गिनी जाती थीं। कर्पूरमंजरी के कर्ता राजशेखर

को संस्कृत और प्राकृत की रचना के माधुर्य में उतना ही अन्तर दिखता था जितना पुरुषों की कर्कशता और स्त्रियों की सुकुमारता में। उन्होंने कहा है—

परुसा सक्कअबंधा पाउअबंधो वि होइ सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणम् ॥

[ कर्पूर- १, ८ ]

विद्यापति ठक्कुर को देशी अर्थात् अपभ्रंश भाषा माधुर्य में संस्कृत व प्राकृत दोनों से बढ़ी चढ़ी दिखने लगी थी। उन्होंने अपनी 'कीर्तिलता' में कहा है—

सक्कअवाणी बहुअ न भावइ
पाउअ रस को मम्म न पावइ।
देसिलबअना सब जन मिट्ठा
तँ तैसन जम्पओ अवहट्टा ॥

१०. वीं ११ वीं शताब्दि के लगभग यही भाषा समस्त उत्तर भारत में प्रचलित थी किन्तु देश भेद के अनुसार उसमें भेद थे। प्रस्तुत ग्रन्थ मालवा प्रान्त में लिखा गया है अतएव इसमें पश्चिम देश की अपभ्रंश भाषा पाई जाती है जिसका व्याकरण हेमचन्द्राचार्य ने अपनी प्राकृत व्याकरण में अच्छी तरह, खूब उदाहरणों सहित, दिया है। हमने 'णायकुमार-चरिउ' की भूमिका में इस भाषा के व्याकरण का सविस्तर परिचय कराया है, किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ के पठन पाठन की सुविधा के लिये इसी ग्रन्थ पर से कुछ व्याकरण यहां भी दिया जाता है।

हिन्दी भाषा के साहित्य व इतिहास में इस भाषा के ग्रन्थों का क्या स्थान है यह सुस्पष्ट करने के लिये हिन्दी साहित्य के तीन प्राचीन ग्रन्थों —पृथ्वीराजरासो, बीसलदेवरासो और कीर्तिलता— से इसकी कुछ स्थूल रूप से यहां तुलना की जाती है—

१. कीर्तिलता में मैथिल देश का अपभ्रंश है जो मागधी प्राकृत से निकला हुआ है अतः उसमें न, श और ष, वर्ण तथा ग्र, द्र आदि संयुक्ताक्षर पाये जाते हैं। सावयधम्म का अपभ्रंश महाराष्ट्री प्राकृत का है अतः उसमें इन वर्णों का अभाव है।

२. कीर्तिलता में शब्दों के बीच में आये हुए अल्पप्राण वर्णों—क, ग, च, ज आदि— का बहुधा लोप नहीं हुआ। सावयधम्म में अधिकतः हुआ है और उनके स्थान पर कहीं कहीं य श्रुति पाई जाती है।

३. कीर्तिलता में परसर्गों का बहुत सूक्ष्म प्रादुर्भाव हुआ दिखाई देता है और प्राकृत विभक्तियां प्रायः उड़ गई हैं। बीसलदेवरासो व पृथ्वीराजरासो में कहीं कहीं परसर्ग और कहीं कहीं संयोगात्मक विभक्तिरूप, प्रायः दोनों अवस्थायें पाई जाती हैं। सावयधम्म में विभक्तियां कायम हैं यद्यपि उनकी जड़ उखड़ चली है। किन्तु परसर्ग का विकास केवल षष्ठी के साथ 'तण', व सप्तमी के बोध के लिये 'मज्झि' में कुछ २ दिखाई देता है।

४. उक्त तीनों ग्रन्थों में मुसलमानी भाषा के संसर्ग का प्रभाव है जैसा कि चन्द वरदाई ने स्पष्टरूप से स्वीकार किया है—

'षद् भाषा पुराणं च कुरानं कथितं मया।'

प्रस्तुत ग्रन्थ में मुसल्मानी संसर्ग की गंध तक नहीं है। उसमें पुराण खूब है कुरान बिलकुल नहीं।

अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थ का अनुवाद करने में मुझे एक और बात का अनुभव हुआ जिसे यहां प्रकट कर देना उचित जान पड़ता है। संस्कृत के अनेक क्रियापद ऐसे हैं जो अपभ्रंश में पाये जाते हैं और ब्रजभाषा आदि पुरानी हिन्दी में भी बहुत कुछ प्रचलित थे किन्तु जो प्रचलित खड़ी बोली में से लुप्त होगये हैं। उनका अर्थ व्यक्त करने के लिये अब हमें उनके भूतकालिक कृदन्त व विशेषण या संज्ञायें बनाकर 'होना' व 'करना' क्रिया के साथ उनका उपयोग करना पड़ता है। उदाहरणार्थ—

| संस्कृत | अपभ्रंश | पुरानी हिन्दी | प्रचलित रूप |
| --- | --- | --- | --- |
| नमति | णमइ | नमता है | नमन करता है |
| नश्यति | णासइ | नसता है | नष्ट होता है |
| प्रकाशते | पयासइ | प्रकाशता है | प्रकाशित होता है |
| मलिनायते | मइलेइ | मैलता है | मैला होता है |
| भक्षति | भक्खइ | भखता है | भक्षण करता है |
| वारयति | वारइ | वारता है | वारण करता है |
| प्रकटयति | पयडइ | प्रकटता है | प्रकट होता है। |

ऐसे उदाहरण अनन्त हैं। यह मुझे भाषा में उन्नति की जगह अवनति का लक्षण दिखता है। क्रियाओं का क्षेत्र घटना नहीं बढ़ना चाहिये था। मेरी समझ में ऐसे क्रियापदों का हिन्दी में प्रयोग प्रारंभना चाहिये।

## व्याकरण

१. सावयधम्म की अपभ्रंश भाषा में देवनागरी वर्णमाला के स्वरों में ऋ, ऐ व औ तथा व्यंजनों में ङ, ञ, श और ष को छोड़ कर शेष सब वर्ण पाये जाते हैं। न की स्थिति कुछ अनिश्चित सी दिखती है। अधिकतः उसके स्थान पर ण ही मिलता है। प्रस्तुत संस्करण में सर्वत्र ण ही रखा गया है।

उपर्युक्त वर्णों के स्थान में निम्न लिखित आदेश होते हैं।

ऋ के स्थान में अ, इ उ या रि। यथा, कय-कृत, घय-घृत, अमिअ-अमृत, किविण-कृपण, घिय-घृत, मुअ-मृत, रिसि-ऋषि इत्यादि.

ऐ के स्थान में इ, यथा, विआवच्च-वैयावृत्य.

औ के स्थान में ओ या अउ। यथा, ओसह-औषध, पोर-पौर, मउण-मौन।

ष व श के स्थान पर स। यथा, सोह–शोभा, कसाय–कषाय, देस–देश।

ङ् व ञ् के स्थान पर सर्वत्र अनुस्वार का उपयोग किया जाता है

संस्कृत भाषा के शब्द यहां प्रायः विकृत अवस्था में पाये जाते हैं। शब्द के मध्यवर्ती व्यञ्जनों में निम्न प्रकार विकार होते हैं—

अल्पप्राण व्यञ्जन का लोप व कहीं कहीं उसके स्थान पर य अथवा व का आदेश। यथा, वयण– वचन, पयासिअ– प्रकाशित, संखेव– संक्षेप, छेय– छेद, घाय– घात.

महाप्राण व्यञ्जनों के स्थान पर ह आदेश होता है। यथा, सुह– सुख, अह– अघ, उहय– उभय, दहिमहिअ– दधिमथित, महु– मधु, मुत्ताहल– मुक्ताफल,

कहीं कहीं म के स्थान में व और व के स्थान में म पाया जाता है। यथा, रामण–रावण, सुवण– सुमनस्।

य. के स्थान में ज पाया जाता है। यथा, जुय-युग, जस–यशः, जाण–यान।

संयुक्ताक्षर से प्रारम्भ होने वाले शब्दों में संयोग के दूसरे वर्ण का लोप कर दिया जाता है। यथा, वय– व्रत, तिहुयण–त्रिभुवन, वसण–व्यसन सावय– श्रावक, साइ–स्वाति। शब्द के शेष भाग में असवर्ण संयोग सवर्ण संयोग में परिणत कर दिया जाता है। यथा, दुद्ध– दुग्ध, कप्पयरु– कल्पतरु, कक्कस–कर्कश, सुक्क–शुष्क, जुत्त– युक्त, णिप्फल– निष्फल, अण्ण– अन्य।

कुछ संयुक्ताक्षरों के स्थान पर विशेष वर्णों का आदेश होता है। यथा–

क्ष– क्ख, ख या छ, पच्चक्ख– प्रत्यक्ष, पेक्खण– प्रेक्षण, खम– क्षमा, छण– क्षण।

ग्घ– ज्झ, दज्झ– दग्ध।

त्थ- च्छ, मिच्छत्त- मिथ्यात्व ।

त्य- च्च, सच्च- सत्य, चत्त- त्यक्त, विज्जावच्च- वैयावृत्य ।

द्य- ज्ज, सावज्ज- सावद्य, मज्ज- मद्य, जूअ- द्यूत ।

ध्य- ज्झ, मज्झिम- मध्यम, अज्झवसाय- अध्यवसाय,
सज्झाय- स्वाध्याय ।

ध्व- झु, झुणि- ध्वनि ।

प्स- च्छ, अच्छर- अप्सरस् ।

स्थ- ठ, ठाइ- स्थाति, अट्ठि- अस्थि ।

स्न- ण्ह, ण्हाण- स्नान

## २. संज्ञा

अधिकांश संज्ञायें अकारान्त पाई जाती हैं । हलन्त संज्ञाओं के अन्तर्व्यंजन का लोप करके वे अकारान्त बना ली गई हैं, यथा, जग-जगत्, तम-तमस् । द्विवचन बहुवचन में गर्भित हो गया है ।

## कारकरचना

| | एकवचन | | बहुवचन | |
|---|---|---|---|---|
| | विभक्ति | उदाहरण | विभक्ति | उदाहरण |
| कर्त्ता | उ | दुज्जणु, अमिउ, वासरु, कज्जु, सुहु, दुल्लहु, कंचणु. | अ | णर, सप्प, वय, तरु. |
| कर्म | उ | धम्मु, पंचगुरु, दंसणु, गेहु. | अ | दायार, णर, सुर. |
| करण | एँ | संखेवें, सम्मत्तें, संगें, णाइकें. | | |
| | एण | कमेण, सण्णासेण, पावेण. | | |
| | इँ | मग्गइं, उवएसइं कारणइं | | |
| | इण | तमिण, जित्तइण, बद्धइण. | | |

सम्प्रदान हु णरयहु, गोत्तहु, णिव्वाणहु. हं पत्तहं, चोरहं, जीवहं
हिं मुणिहिं.

अपादान हु सायहु. हं पंचुंबरहं.

सम्बन्ध हु जूयहु, तिमिरहु. हं चोरहं, वणयरहं,
हि,हिं सूरिहि, समिलहिं, ससिहिं. वग्घहं, धीवरहं.

अधिकरण इ जगि, मणुयत्तणि, अंधारइं, हं सरवरहं, मुक्कहं.
लोइ, घरि.

सम्बोधन अ जिय, वड, णिलज्ज.

आकारान्त व ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्द बहुधा ह्रस्वान्त कर दिये जाते हैं, यथा, दय–दया, कह–कथा, वेयण–वेदना, भेरि–भेरी.

किन्तु वेसा, चोरी इत्यादि भी पाये जाते हैं। कर्ता व कर्म कारक में ये प्रकृतरूप ही रहते हैं। शेष कारकों में पुल्लिंग से कोई बड़ी विशेषता नहीं पाई जाती।

नपुंसक लिंग का लोप सा होता हुआ दिखता है। शेष कारकों में तो इनका कोई विशेष चिह्न दिखाई नहीं पड़ता पर कहीं कहीं कर्ता बहुवचन में ये पहिचान पड़ते हैं, यथा, वसणइं, सिक्खावयइं.

## ३. सर्वनाम

कर्ता हउं (अहम्, मैं हूं), कोइ, सोइ, सो, जं तं (नपुं.) एहु, इहु एउ.

कर्म जं, तं.

करण पइं (त्वया, तूने), जेण, तेण.

सम्प्रदान पइं (तुभ्यम्, तुझको), तहु.

सम्बन्ध जसु, तासु, ताइं.

| ४. संख्यावाचक | पूरणार्थक |
|---|---|
| १ एक्क | पढमउ, पहिलउ. |
| २ दुण्णि, विण्णि | बीयउ, बिदिउ. |
| ३ तिण्णि | तिज्जउ |
| ४ चयारि | चउत्थु |
| ५ पंच | पंचमु |
| ६ छह | छट्ठउ |
| ७ सत्त | सत्तमु |
| ८ अट्ठ | अट्ठमु |
| ९ णव | णवमउ |
| १० दस | दसमउ |
| ११ एयारह | एयारहमउ |
| १२ बारह | |

## ५. क्रियापद

क्रियाओं में परस्मैपद आत्मनेपद व भ्वादि अदादि का कोई भेद नही रहा। द्विवचन बहुवचन में गर्भित हो गया है।

### वर्तमानकाल

| | एकवचन | | बहुवचन | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रत्यय | उदाहरण | प्रत्यय | उदाहरण |
| उत्तम पु. | मि, उं | अक्खमि, करउं. | ... | ... |
| मध्यम पु. | हि, सि | अहिलसहि, डरहि, चाहहि, होसि. | ... | ... |
| अन्य पु. | इ | होइ, पिछइ, धरइ, करइ, वंदइ, पालइ, पियइ, हुणइ. | अंति, | जंति, विपडंति, हुंति, हवंति णिंति, भणंति. |
| | | | आइं | उप्पज्जइं. |

भूतकालिक क्रिया का कार्य प्रायः भूतकालिक कृदन्तों से निकाला जाता है। क्रिया का उदाहरण केवल एक मिल सका है, आसी- आसीत्।

भविष्यत्काल की क्रियाओं के उदाहरण भी बहुत थोड़े मिलते हैं, जाहि- यास्यसि ( तूं जायगा ), फलहिं- फलिष्यन्ति ( फलेंगे ), कुणहिं- करिष्यन्ति ( करेंगे ), होसि- भविष्यसि.

आदेश सूचक मध्यम पु. हि देहि, गोवहि, छंडहि, णिवारहि.
हु रक्खहु.
इ करि, छंडि, परिहरि, सुणि, मण्णि, म बोलि,
उ विक्खु.
अन्य पु. उ अच्छउ, आउ, जाउ.

विधिसूचक- करेइ, हणेइ.

कर्मणि प्रयोग- दिज्जइ, भुंजिज्जइ, ण्हविज्जइ, रक्खिज्जइ.

प्रेरणार्थक- कारयइ, उट्ठावइ.

वर्तमानकालिक कृदन्त-अंत- उज्झंत, सिंचंत, करंत.स्त्रीलिंग-उत्तारंति.

भूतकालिक कृदन्त- अ, इअ, इय- हुअ, मुक, गालिअ, भक्खिअ, कहिय, छड्डिय, उप्पाडिय।

पूर्वकालिक अव्यय-एप्पिणु- पणवेप्पिणु ( प्रणमकर );इय-इंछिय,गणिय, विग्गासिय; इवि- फुट्टिवि, बंधिवि, भुंजिवि, विहडिवि.

क्रियार्थ क्रिया-( तुमुन् ) इवि-कहिवि ण सक्कइ,कथयितुं न शक्नोति।

## ६. अव्यय

समयसूचक-अज्जु, कल्लि, संपइ, जाम।

स्थानसूचक- इत्थु, अंतरि, बाहिरउ, जहिं-तहिं।

प्रकार सूचक- जइ-तइ, जेम, केम।

अन्य- ण, णउ, ण हु, विणु, जइं, सइं, णिरारिउ, अहवा, पुणरवि।

---

# सावयधम्मदोहा

ॐ

णमकारेपिणु पंचगुरु दूरिदलियदुहकम्मु ।
संखेवें पयडक्खरहिं अक्खमि सावयधम्मु ॥ १ ॥

दुज्जणु सुहियउ होउ जगि सुयणु पयासिउ जेण ।
अमिउ विसें वासरु तमिण जिम मरगउ कच्चेण ॥ २ ॥

जिहं समिलहिं सायरगयहिं दुल्लहुं जूयहुं रंधु ।
तिह जीवहं भवजलगयहं मणुयत्तणि संबंधु ॥ ३ ॥

सुहु सारउ मणुयत्तणहं तं सुहु धम्मायत्तु ।
धम्मु वि रे जिय तं करहि जं अरहंतइं वुत्तु ॥ ४ ॥

अरहंतु वि दोसहिं रहिउ जसु पुणु केवलणाणु ।
णाणेमुणियकालत्तयहं वयणु वि तासु पमाणु ॥ ५ ॥

---

१ द. अक्खिय. २ क. अमइं; ज. द. तमहिं. ३ द. मरगय. ४ ज. जह. ५ क. ज. द. समिला. ६ अ. सायरे. ७ ज. दुलहउ. ८ क. जूवह; द. जूअहि. ९ ज. तह. १० ज. °गयहिं. ११ क. मणुवत्तणु. १२ अ. द. अरि. १३ ज. करहि. १४ अ. द. अरहंतें. १५ क. द. जासु वि. १६ अ. ज. णाणु. १७ क. द. तस्स.

# हिन्दी अनुवाद

१. दुष्टकर्मों का नाश करने वाले पंचगुरु को नमस्कार करके मैं संक्षेप में, प्रकट शब्दों द्वारा, श्रावक-धर्म का व्याख्यान करता हूं।

नमस्कार

भत्तिभर – भक्ति+भर, ११६.
भरइ – भरति, भरता है, १०३.
भरिअ – भृत, भरा, ८९.
भल्ल – भद्र, भला, ६५.
भल्लिम – भद्रिमन्, भलाई, १४१.
भवाई – (?) छाया इति टिप्पणम्, ७७.
भविय – भव्य, ३३.
भव्वुच्छाहणि – भव्योत्साहिनी, ११९.
भसल – भ्रमर, १७०.
भंति – भ्रान्ति, ६८.
भंतिक – भ्रान्तिक, भ्रान्तिवाला, १३१.
भाइय – भावित, २१३.
भारिअ – भारित, भारी, १०९.

**भासिय** – भाषित, २८.
**भिट्टडी** – साक्षात्कार, भेंट, ९४.
**भिस** – बिस, ढिस ( कमलनाल ) ३४.
**भुक्खिय** – बुभुक्षित, भूखा, १०३.
**भुवणत्तय** – भुवन+त्रय, १०८.
**भुंजइ** – भुंक्ते, भोजन करता है, १६.
**भुंजाइवि** –भोजयित्वा, भोगवा कर, ५९.
**भुंजिज्जइ** - भुञ्जीत, भोजन करे, ३५
**भुंजिवि** – भुक्त्वा, भोगकर, ७३.
**भूरि** - ( तत्सम ) बहुत, २२.
**भेरि** – भेरी, १७५.
**भोअ** – भोग, १८६.
**भोग्गासण** – भोज्य+अशन, भोजन ३७.
**भोय** – भोग, ८२.
**भोयण** – भोजन, ३०.
**भोयणिबंध** – भोग + निबन्ध, २०९.
**भोयधर** – भोगधरा, भोगभूमि, १९०.
**भोयावणि** – भोग + अवनि, भोग-भूमि, ९६.

## म

**म** – मा, मत, १७५.
**मइ** – मति, १०.
**मइलिज्जइ** – मलिनीक्रियते, मैला होता है, २९.
**मइलेइ** – मलिनायते, मैला होता है, ३६.
**मउडंकिय** – मुकुटांकित, १७४.
**मउण** – मौन, १४३.
**मउयत्तण** – मृदुत्व, १३२.
**मउलिय** – मुकुलित, १७०.
**मग्ग** – मार्ग, ८.
**मग्गइ** – मार्गयति, मांगता है, ४९.
**मग्गि** – मार्गय, मांग, ११०.
**मच्छ** – मत्स्य, मच्छ, १२४.
**मज्ज** – मद्य, २२.
**मज्जामिसरय** – मद्य + आमिष + रत, २९.
**मज्झिम** – मध्यम, ७९.
**मढिल्ल** – माढि, मट्ठापन, १३०.
**मण** – मनस्, मन, १४.

मणगच्छ – मनाग् + अच्छ, कुछ अच्छा; या, मण + गच्छ, मत जा, १२७.
मण्णमि – मन्ये, मानता हूं, ११८.
मण्णि – मन, मान, ( धातु-म्ना ), ११.
मण्णिय – मानित, २४.
मणुय – मनुज, ११४.
मणुयगइ – मनुज + गति, १६३.
मणुयत्तण – मनुजत्व, ३.
मणोरह – मनोरथ, १९०.
मय – मद, २०.
मयण – मदन, मैन (bee's wax), ६७.
मरइ – म्रियते, मरता है, १४६.
मरगअ – मरकत, २.
मरंत – म्रियमाण, मरता हुआ, ७१
महइ – महति, पूजता है, १८०.
महंत – महत्, २३.
महारयण – महारत्न, २०८.
महु – मधु, २२.
महुर – मधुर, १४२.
मंजर – मार्जार, बिल्ली, ४७.
मंजिट्ठ – मंजिष्ठा, मंजीठा, ५६.
मंड – मण्डित, १७९.
मंडिय – मण्डित, मांडना, २०१.
मंत – मंत्र, २१५.
मंति – मंत्रिन्, मांत्रिक, २१७.
मंदकसाय – मन्द+कषाय, १६३.
मंस – मांस, २२.
माइ – माति, माता, ११०.
माइर्णिब – माईफल + निम्ब ( वृक्षविशेष ) १६०.
माण – मान, ६३.
माणाइय – मान+आदिक, १६२.
माणुस – मनुष्य, ५४.
माणुसजम्म – मनुष्यजन्म, ९.
मारइ – मारयति, मारता है, ६३.
माहउसरण – माधवशरण ( वसंतानुगामी व विष्णुभक्त ), १७३.
मि – अपि, भी, ५९.
मिच्छत्त – मिथ्यात्व, १३६.
मिच्छादिट्ठि – मिथ्यादृष्टि, ८२.
मिच्छाभाअ – मिथ्याभाव, १४४.
मित्त – मित्र, ४४.
मिलिअ – मिलित, मिला, १९४.
मिल्लहि – मुच, छोड़, १४४.
मिल्लि – मुच, मेल या छोड़ १३४.
मिस – मिष, १७५.

मीसिअ – मिश्रित, ३६.
मुअ – मृत, मुआ या मरा, १२४.
मुइवि – मुक्त्वा, छोड़कर, ३७.
मुक्क – मुक्त, १५.
मुक्ख – मूर्ख, १०६.
मुच्चइ – मुच्यते, मुक्त होता है, ४४
मुणि – मन, स्तुतिकर ( धातु – म्ना, या मुण् ) १०८.
मुणिय – मुणित, ज्ञात कथित वा, ( धातु–मुण् प्रतिज्ञाने ) ५.
मुणिंद – मुनीन्द्र, ७९.
मुणेइ – मन्येत, माने, १३६.
मुत्तिअ – मौक्तिक, मोती, ९१.
मुलहिअ – मूलिल, मूलयुक्त, ३५.
मुह – मुख, मुंह, ११८.
मुहु – मुहुः, वार वार ४२.
महुत्त – मुहूर्त, २८.
मूढा – मूढ़ता, २०.
मेल्लि – मुक्त्वा, छोड़कर, १३०.
मेल्लिवि – मुक्त्वा, मेलकर या छोड़कर, १३७.
मोकलिय – मुक्त, ६६.
मोक्ख – मोक्ष, ७४.
मोडइ – मुंठ्येत्, मोड़े, १२०,
मोत्तिय – मौक्तिक, मोती, ११०.
मोहिय – मोहित, १३६.

र

रइ – रति, १२६.
रक्खहु – रक्ष, रखाओ, १२५.
रक्खिज्जइ – रक्ष्यते, रखाया जाय, ९८.
रज्ज – राज्य, २००.
रडइ रटति, रटती है, १७५.
रय – रजः, रज, १८३.
रयइ – रचयति, रचता है, १५१.
रवण्ण – रमणीय, ९१.
रसंति – रसन्ती, बजती हुई, १९९.
रहंति – रक्ष्यन्ते, रहते हैं, १३८.
राहिअ – रहित, ५.
रंध – रन्ध्र, छिद्र, ३.
राइय – राजित, १७१.
रामण – रावण, पु., ६३.
रिसि – ऋषि, ५३.
रुक्खडा – वृक्ष, रूख, १९०.
रुज्झइ – रुध्यते, रोका जाता है, १४०.
रुहिरामिस – रुधिर+आमिष, १३.
रूव – रूप, १२६.

रुवासत्त - रूपासक्त, १२६.
रेइ - राजते, विराजता, है, १७४.
रेहइ - राजते, विराजता है, ११६.
रोस - रोष, २१८.
रोहिणि - रोहिणी (उपवास विशेष) १८८.

## ल

लकडिय - लकुटी, लकड़ी, १४८.
लक्ख - लाक्षा, लाख, ६७.
लग्ग - लग्न, लगा, ३८.
लग्गइ - लगति, लगता है, ४४.
लच्छि - लक्ष्मी, १८७.
लच्छिम - लक्ष्मी, १४३, १९१.
लद्धि - लब्धि, लाभ, ४७.
लब्भइ - लभ्यते, लाभ होता है, ७१.
लब्भंति - लभन्ते, पाते हैं, २०३.
लहंति - लभन्ते, पाते हैं, ९६.
लहिवि - लब्ध्वा, लेकर, ८०.
लहु - लघु, २०७.
लंपड - लम्पट, १२५.
लाल - लाला, लार, १४६.
लालि - लालय, लाड़ कर, १२३.
लालिअ - लालित, १२३.
लाह - लाभ, १६३.
लित्त - लिप्त, ३१.
लिहाविय - लेखित, लिखाया, २०२.
लिहिय - लिखित, २०१.
लिहिवि - लिखित्वा, लिखकर, ४२.
लुग्ग - भग्न, जीर्ण, मार. लूगा, १४९.
लेइ - लाति, लेता है, ९०.
लेहु - लाहि, लेओ (करो) ११९.
लोइ - लोके, लोक में, ११५.
लोणि - नवनीत, मक्खन, २८, म. लोनी.
लोय - लोक, २०२.
लोयण - लोचन, ११८.
लोयणि - लवनी, लुवनी या (उस्तरा ?) १७.
लोह - (तत्सम), लोहा, ६७.
लोह - लोभ, १३४.
लोहकज्जि - लोह+कार्ये, लोहे के लिये, २२१.
लहसुण - लशुन, लहसुन, ३४.

## व

वइसाणर - वैश्वानर, अग्नि, २३.

**वारिय** – वारित, ४१.
**वारियहि** – वारयासि, निबारेगा, १५५.
**वाविय** – वापित, बोवाया, ७०.
**वासर** – ( तत्सम ), दिन, २.
**वाहि** – व्याधि, ४१.
**वाहुडइ** – व्यापृणोति, वापरता है, १६३.
**वि** – अपि, भी, १०.
**विउल** – विपुल, १३७.
**विक्कइ** – विक्रीणाति, बेचता है, २०९.
**विग्गासिय** – विकासित, २१२.
**विग्घ** – विघ्न, १००.
**विच्चित्त** – विचित्र, १७२.
**विच्छाअ** – विछाय, निष्प्रभ, १२५
**विज्जावच्च** – वैयावृत्य, (मुनिसेवा), १३९.
**विढप्पइ** – विवर्धते, बढता है, १०७.
**विणअ** – विनय, ७८.
**विणट्ठ** – विनष्ट, ६३.
**विणयविवज्जिय** – विनय+विवर्जित १३८.
**विणास** – विनाश, १३.
**विणासिअ** – विनिशित, २०४.
**विणिवारिय** – विनिवारित, ४३.
**विणु** – विना, ६.
**वित्थर** – विस्तार, ९०.
**वित्थरइ** – विस्तृणोति, विस्तरता है, २००.
**विदिस** बिदिशा, ६६.
**विपडंति** – वि + पतन्ति, पड़ते हैं, ८,
**विपलय** – वि + प्रलय, १८८.
**विभोअ** – विभोग, ७२,
**विमुक्क** – विमुक्त, २५.
**वियाणिय** – वि + ज्ञानिन्, विपरीत ज्ञान वाले, १०५.
**वियाणु** – विजानीहि, जानो, १९.
**वियार** – विचारय, विचार कर, १५२
**वियारिय** – विदारित, २२१.
**विरहिय** – विरहित, १३९.
**विलग्गउ** – वि + लगतु, लगे, १०७.
**विलुलंत** – विलुलत्, लहलहाता हुआ, १७१.
**विवज्जिय** – विवर्जित, २१.
**विस** – विष, २.
**विसकणिय** – विष+कणिका, २०७

**विसकंदलि** – विष+कन्दली,५०.

**विसमारिय** – विष+मूर्च्छित,२१७ (देखो मारइ).

**विसमेस** – विष + मेष, १६२.

**विसय** – विषय, २२०,

**विसहइ** – विषहते,सहता है,१२४.

**विसहर** – विषधर, सर्प, ५४.

**विसाल** – विशाल, १९८.

**विसुद्ध** – विशुद्ध, ९२.

**विह** – विध, ९.

**विहडावइ** वि+घटयति, विगाड़ता है. १५१.

**विहडिवि** – विघट्य, विघटकर, १००.

**विहाण** – विधान, ७०.

**विहि** – विधि, २०९.

**विहिय** – विहित, १५९.

**विहिविरहिय** – विधि+विरहित, ७०.

**विहूइ** – विभूति, १७९.

**विहूण** – विहीन, ११५.

**विसुत्तर** – विंशद्+उत्तर, बीस ऊपर, २२२.

**वुच्चइ** – उच्यते, कहा जाता है, १४१.

**वुड्डइ** – ब्रुडति, डूबती है, १६१.

**वुत्त** – उक्त, ४.

**वेदल** – द्विदल, दाल, ३६.

**वेयण** – वेदना, ४३.

**वेल्लि** – वल्ली, वेली, ४५.

**वेसा** – वेश्या, ४३.

**वेसाघर** – वेश्या+गृह, ४४.

## स

**सइं** – स्वयम्, १७.

**सउच्च** – शौच, ७.

**सकिलेस** – स + क्लेश, १६५.

**सक्क** – शक्र, इन्द्र, १६८.

**सक्कइ** – शक्नोति, सकता है, २०१

**सग्ग** – स्वर्ग, ७३,

**सग्गागमण** – स्वर्ग + आगमन, १६७.

**सचिक्खल** – स+कर्दम, कीचड़-युक्त, १४८, म. चिखल.

**सच्चामर** – सत् + चामर, या, सत्य + अमर, १७६.

**सज्झाअ** – स्वाध्याय, १४०.

**सण** – (तत्सम), सन (hemp), ६७.

**सण्णास** - सन्यास, ७१.

**सण्णाह** – सन्नाह, कवच, ६०.

**सत्तक्खर** – सप्ताक्षर, २१५.

**सत्तट्ठम** – सप्त+अष्टम, ७४.

**सत्तम** – सप्तम, १५,

**सत्ति** – शक्ति, ९.

**सत्तु** – शत्रु, १४२.

**सत्थ** – शास्त्र, १५९.

**सत्थसअ** – शास्त्र+शत, १०५.

**सद्प्प** – सदर्प, ६५.

**सद्द** – शब्द, १७५.

**सद्धाण** – श्रद्धान, १९.

**सप्प** – सर्प, ६५.

**समउ** – समम्, साथ में, ३०.

**समत्त** – समाप्त, ४५.

**समसरण** – समवशरण, १७०.

**समाइय** – सामायिक, ६८.

**समायरहि** – समाचर, आचरण कर, १०१.

**समाहि** – समाधि, १९३.

**समिला** – शम्या,, सैला, (Yoke pin) ३ (शम्या युगकीलक. अमर.)

**समीढवहु** – (?) समीरय, सम्हारो ५८.

**समीहिय** – समीहित, २०१.

**समुद्द** – समुद्र, स्व+मुद्रा, १४३.

**सम्मत्त** – सम्यक्त्व, १०.

**सम्माइट्ठि** – सम्यग्दृष्टि, ७९.

**सम्मुच्छाइ** – सम्मूर्च्छयते, सन्मूर्छन जीवों से युक्त होता है, २८.

**सयल** – सकल, ५१.

**सर** – सरः, सरोवर, १९१.

**सरय** – शरद्, १९४.

**सरवर** – सरोवर, १८.

**सरस** – (तत्सम), रसयुक्त, १२४.

**सरसइ** – सरस्वती, १४३.

**सरसलिल** – सर+सलिल, ६९.

**सरिस** – सदृश, २८.

**सरिसअ** – सदृश, १२०.

**सरूव** – स्वरूप, ९१.

**सरेह** – स+रेफ, २१२.

**सलक्खण** – सलक्षण, ११७.

**सव्व** – सर्व, २५.

**ससर** – स+स्वर, २१२.

**ससहर** – शशधर, चन्द्र, १७६.

**ससि** – शशिन्, चन्द्र, २९.

**सहइ** – सहते, सहता है, १०३.

**सहल** – सफल, ९.

**सहसणयण** – सहस्रनयन, इन्द्र, ७२.

सहाअ – सहाय, १२०.
सहु - सह, साथ, २०८.
संकाइय - शंका + आदिक, १९.
संखेव - संक्षेप, १.
संघ - मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका, यह जैनियों का चतुर्विध संघ कहलाता है,१५८
संघ - संग, २२३.
संघडइ - संघटयति, संगठन करता है, १५१.
संजम – संयम, ७.
संझा - सन्ध्या, १२.
संताव - संताप, १५४.
संतोस – सन्तोष, १३७.
संदोहय – संदोहक, २२२.
संपइ – सम्प्रति, आजकल, ७७.
संपय - सम्पद्, ८९.
संपुण्णहल - सम्पूर्णफल, १७८
संबोहिय - संम्बोधित, १११.
संभाविय - संभावित, १६७.
संवरहि - संवारय, सम्हार,१२४.
संसग्ग - संसर्ग, ५२.
साइयजल – स्वातिजल, ९१.
साखंड - साखारंड, ड्योढ़ी, ६१.
सामग्गि – सामग्री, २१.
साय – स्वाद, ३५.
सायर – सागर, ३.
सावअ – श्रावक, १०.
सावज्ज – सावद्य, सदोष, २०४.
सावयगुण – श्रावक+गुण, २१.
सावयधम्म – श्रावक+धर्म, १.
सास – शस्य, ८३.
सासण – शासन, १७८.
सासयपअ – शाश्वत+पद, २१०.
सिक्खावय – शिक्षाव्रत, ११.
( सामायिक, प्रोषधोपवास, भोगोपभोगपरिमाण और अतिथिसंविभाग, ये चार शिक्षाव्रत हैं। )
सिज्झइ – सिध्यति,सधता है,२१.
सिट्ठ – शिष्ट, ३०.
सिट्ठ – शिष्ट, कहा गया, ७९.
सिप्पि – शुक्ति, सीप, ९१.
सियसंजोअ – श्री + संयोग, १९१.
सिर – शिरस्, सिर, ७६.
सिलिमुह – शिलीमुख, भ्रमर, १२५.
सिवगइ – शिवगति, २२२.

**सिवपट्टण** – शिवपत्तन ( मोक्ष ), ८.

**सिविण** – स्वप्न, १६०.

**सिविणयपंति** – स्वप्न + पंक्ति, १६७.

**सिंचइ** – सिञ्चति, सींचता है, ९५.

**सिंचंत** – सिच्यमान, सींचा गया, ९८.

**सिंचिय** – सिक्त, १८०.

**सीय** – सीता, स्त्री, ६३.

**सील** – शील, ७.

**सीह** – सिंह, २१५.

**सुअज्जिय** – सु + आर्यिका, २०३.

**सुक्क** – शुष्क, सूखा, १८.

**सुक्कसर** – शुष्क + सरः, १३९.

**सुक्ख** – सुख, २०६.

**सुक्खडा** – सुख, १५२.

**सुच्चइ** – शुच्यते, शुद्ध होता है, २६.

**सुज्झइ** – शुध्यते, १३१.

**सुणह** – श्वन्, कुत्ता, ४७, ८२.

**सुणहु** – शृणु, सुनो, ४२.

**सुणंति** – शृण्वन्ति, सुनते हैं, ११८.

**सुणि** – शृणु, सुनो, २१.

**सुत्त** – सूत्र, ४२.

**सुदेअ** – सुदेव, १५५.

**सुद्द** – शूद्र, ७६.

**सुपत्त** – सुपात्र, ८५.

**सुपरोहण** – सु + प्रवहण, नौका ८५.

**सुमणस** – सुमनस्, पुष्प या शुद्धमन, १७३.

**सुयण** – सुजन, २.

**सुयपंचमि** – श्रुतपंचमी (उपवास) १८५.

**सुयंध** – सुगंध, १५०.

**सुरयण** – सुरत्न, २२०

**सुरराअ** – सुरराज, १६४.

**सुरलोअ** – सुरलोक, ७२.

**सुरहि** – सुरभि, सुगंधित, १८४.

**सुरिंद** – सुरेन्द्र, १६९.

**सुवण** – सुमनस्, सुमन, पुष्प, १४१.

**सुवण्ण** – सुवर्ण, १३६.

**सुवुत्त** – सु + उक्त, ७८.

**सुह** – सुख, ४.

**सुहावण** – सुखापन, सुहावना, १७२.

**सुहिय** – सुखिन्, सुखी, २.
**सूणी** – शुनी, कुत्ती, १४७.
**सूर** – सूर्य, ३७.
**सूरण** – कन्दविशेष, सूरन, ३४.
**सूरि** – (तत्सम), ७.
**सूरुग्गमण** – सूर्योद्गम, १४०.
**सेहर** – शेखर, २२३.
**सो** – सः, वह, २८.
**सोअ** – शोक, १७१.
**सोइ** – सोऽपि, ७
**सोक्ख** – सौख्य, ७४,
**सोसइ** – शोषयति, सोखता है, ६९
**सोहग्ग** – सौभाग्य, १८९.

ह

**हउं** – अहम्, हूं (मैं), ११८.
**हक्कार** – आह्वान, हल्कार या हांक, ८८.
**हक्कारइ** – हो, इति शद्वेन आह्वयति, हांका लगाता है, १७५.
**हणइ** – हन्ति, हनता है, ४६.
**हणेइ** – हन्यात्, हनेगी, ४८.
**हत्थ** – हस्त, हाथ, ११७.
**हत्थिय** – हस्तिन्, हाथी, १२३.
**हयतम** – हत+तमस्, १७२
**हरिणउल** – हरिण+कुल, २१५.
**हरिय** – हरित, हरा, १४.
**हरिसिय** – हृष्ट, १७६.
**हरेइ** – हरेत्, हरेगा, ६२.
**हलुव** – लघुक, १३४, १३५. (हेम. २, १२२.)
**हवइ** – भवति, होता है, ८७.
**हवसि** – भवति, होता है, १५५.
**हवंति** – भवन्ति, होते हैं, १७७.
**हंसउल** – हंसकुल, १३९.
**हारिअ** – हारित, हराया, ८४.
**हिय** – हृत, १७.
**हियइंछिअ** – हृदय+इष्ट, १०१.
**हियकण्णडा** – हृत+कर्ण, १२७.
**हियकमलिणि** – हृदय + कमले, २१३.
**हियडा** – हृदय, ५८.
**हियमहुर** – हृदय+मधुर, १७८.
**हिययंचल** – हृदय+अञ्चल, २०८
**हियवअ** – हृदय, ५३.
**हुज्जउ** – भवतु, होवे, २२४.
**हुयास** – हुताश, अग्नि, ३८.
**हुयासण** – हुताशन, ९८.
**हुव** – भूता, हुई, १७९.
**हुवअ** – भूत, हुआ, १५३.
**हुंति** – भवन्ति, होते हैं, १८.
**होइ** – भवति, होता है, ६.
**होउ** – भवतु, होवे, २.
**होसि** – भवसि, होता है, १५६.
**होहि** – भव, हो, १२९.

---

# टिप्पनी

७. बृहन्निघण्टुरत्नाकर में उत्तम सुवर्ण की परीक्षा इस प्रकार बतलाई गई है–

दाहे रक्तं सितं छेदे निकषे कुंकुमप्रभम्।
तारं शुल्वोज्झितं स्निग्धं कोमलं गुरु हेम सत्॥
तच्छ्वेतं कठिनं रूक्षं विवर्णं समलं दलम्।
दाहे छेदे सितं श्वेतं कषे त्याज्यं लघु स्फुटम्॥

पृ. ३९३.

८. **चोरहं पिडि विपडंति**– हिन्दी का मुहावरा भी यही है–चोरों के पिंड में पड़ना या पाले पड़ना। भ. प्रति की टीका में '**पिडि**' का अर्थ '**पथि**' अर्थात् 'मार्ग में' किया गया है।

९. श्रावक अर्थात् जैन गृहस्थ के संयम की वृद्धि के अनुसार ग्यारह दर्जे है जिन्हे श्रावकों की ग्यारह प्रतिमा कहते है। दोहा नं. १० से १७ तक इन्ही प्रतिमाओं के लक्षण बतलाये गये हैं।

१०. '**पंच उदुम्बर**' कोष में देखिये। व्यसन सात माने गये हैं, जो इस प्रकार हैं–

द्यूतं मांसं सुरा वेश्याखेटं चौर्यं पराङ्गना।
महापापानि सप्तानि व्यसनानि त्यजेद् बुधः॥

इनके त्याग का उपदेश दोहा नं. १८ से ५१ तक पाया जायगा।

**सम्मत्त**- सम्यक्त्व- का शद्वार्थ शुद्धता या यथार्थता है। जैन धर्म में इस शद्व का प्रयोग सम्यग्दर्शन अर्थात् सच्ची दृष्टि के अर्थ में किया जाता है। सम्यग्दर्शन की परिभाषा यह है-

**श्रद्धानं परमार्थानामाप्तागमतपोभृताम्।**
**त्रिमूढापोढमष्टांगं सम्यग्दर्शनमस्मयम्॥**

( रत्नकरण्डश्रावकाचार, ४ )

'परमार्थ अर्थात् जैन सिद्धान्त के सात तत्वों तथा देव, शास्त्र और मुनियों में तीन मूढता और अष्ट मद से रहित, श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहते हैं। इस सम्यग्दर्शन के आठ अंग हैं।' यही लक्षण दोहा नं १९-२० में कह गये हैं। दोहा नं. ५३ भी देखिये। सम्यग्दर्शन के आठ अंगों के लिये देखिये 'रत्नकरण्डश्रावकाचार' ११-१८.

११. **पंचाणुव्वय**- पंच अणुव्रत- कोष देखिये। पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत, इन बारह व्रतों का उपदेश दोहा नं. ५९ से ७२ तक पाया जायगा।

१२. **सामायिक**- के अनाहतादि बत्तीस दोषों के लिये देखिये 'मुलाचार' गाथा ६०३-६०७.

१७. '**कत्तरिलोयणिहियचिहुर**' -'कर्तर्या लवन्या वा हृताः चिकुराः येन सः'। भ. प्रति की टीका में '**लोयणि**' का अनुवाद '**लौंचनि**' से किया गया है जिसका अर्थ या तो लोंचेन का शस्त्र उस्तरादि हो सकता है या हस्तलौंच।

१९. जैनियों के सात तत्वों के निरुपण के लिये देखिये बैरिस्टर चम्पतरायकृत 'Practical Path.'

२०. सम्यक्त्व के शंकादिक आठ दोष ये हैं-संको, कांक्षी, जुगुप्सी (घृणा)

मूढ़दृष्टि (मिथ्यामत में श्रद्धान), तथा उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना का अभाव.

कुल जाति, राज्य, रूप, बल, तप, सम्पत्ति और विद्या इनके अभिमान को मद कहते हैं।

कुगुरु, कुदेव और कुशास्त्र की श्रद्धा का नाम मूढ़ता है। इन तीनों तथा इन तीनों के उपासकों को जो मानता है वह अनायतन कहलाता है।

२३. उपर्युक्त दोहे में कहे हुये मद्य, मांस और मधु में से प्रथम दो का वर्णन न कर इस दोहे में एकदम तीसरे का प्रसंग छेड़ा गया है। इसी कमी को पूरा करने के लिये भ प्रति में दो दोहे जोड़े गये हैं (देखो परिशिष्ट) कवि ने संभवतः उन्हे यहां इसलिये छोड़ दिया है कि उनका वर्णन आगे सप्त व्यसनों में आने वाला है (देखो दोहा ४१–४२)।

२४. इस दोहे का प्रथम चरण भ. प्रति में इस प्रकार है '**अणुव्वय अट्ठइं मण्णियइं**'। इसका अर्थ होता है 'आठों' अणुव्रतों के मानने से (मधु का परिहार होता है)। किन्तु यह पाठ उपयुक्त नहीं जान पड़ता क्योंकि एक तो अणुव्रत आठ नहीं हैं पांच है जो द्यूत, मांस और मधु के त्याग सहित अणुव्रत नहीं मूलगुण कहलाते हैं। और दुसरे इस अर्थ से दूसरी पंक्ति की कुछ सार्थकता नहीं बैठती।

२५ '**सव्वइं**' पाठ केवल प. प्रति में है शेष सब प्रतियों में '**सग्गइं**' पाठ है। भ. में भी 'सग्गइं' है और उसके अर्थ में कहा गया है '**सर्हिज-णादिकुसुमानि अपि त्यागं करोति**'। यदि इसका अर्थ हम शाक (साग) करें तो अच्छा होगा। तदनुसार प्रथम चरणका अनुवाद होगा 'शाक और फूलों को छोड़ देने से' इत्यादि।

२७. प्रथम पंक्ति का अर्थ भ प्रति की टीका में इस प्रकार किया गया है– '**येन (यः) अगालितजलं,हे जीव, अघं ज्ञात्वा यदि न प्रवादं निन्द्यां**

**करोति स वृती न**'। किन्तु मूल के शब्दों पर से यह भाव निकालना कठिन है।

२८. कुछ पदार्थों में उनकी आन्तरिक गर्मी से जो कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं उन्हे जैन सिद्धान्त में सम्मूर्छन जीव कहते है।

३०. भ. प्रति में, **ताहं समउ जं कारणइं**' के स्थान पर '**ता सम भुंजइ जो वि णरो**' पाठ है, और यह दोहा नं. २९ से पहिले रखा गया है।

३१. '**तउमंडयहं**' पाठ किसी भी प्रति में नहीं है, किन्तु उपयुक्त अर्थ बैठाने की दृष्टि से 'भ' के स्थान पर 'म' पाठ रख दिया गया है। तो भी अर्थ बहुत संतोषजनक नहीं निकला।

भ. प्रति में '**तहं भंडयहं**' पाठ है और दोहे का अर्थ इस-प्रकार किया गया है–'**इच्छापि कृते तं धर्मं भांडयति लाजयाति। यदि चेत् पक्कमशनादिकमपि आस्वादयति तस्य भवन्ति (भवति) न दर्शनव्रतप्रतिमा**' इससे मूल के शब्दार्थ समझने में मुझे कोई सहायता नहीं मिली।

श्रीयुक्त ए. एन. उपाध्ये, अर्धमागधी-प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापूर ने दोहे का अर्थ सूचित किया है–'किसी को उनके पके भोजन से लिप्त 'भांडों (पात्रों) में भोजन करने के लिये नहीं बैठना चाहिये। ये भाण्ड श्रावकों के योग्य नहीं हैं उन पात्रों में का भोजन भी (अशुद्ध है)।' इस अर्थ में 'अच्छउ' से भोजन करने बैठना, तथा 'भंड' और 'पत्त' से भांड और पात्र का अर्थ लिया गया है। मेरे ध्यान से 'तहं भंडयहं' पाठ को लेकर दोहे का निम्न अर्थ अच्छा होगा "उनके पके भोजन से लिप्त भांड (में भोजन बनाना) तो रहने ही दो उनके पात्रोंमें भोजन करना भी श्रावकों के योग्य नहीं है" इस अर्थ के लिये 'भोयणु' (एक वचन) के स्थान पर भोयण (बहुवचन) पाठ रखना आवश्यक है क्योंकि उससे सम्बद्ध

क्रियापद 'हुंति' और विशेषण 'जुग्गई' बहुवचन में है। म. द. और भ. प्रतियों में 'भोयणं' ही पाठ है।

३४. '**मूलउ णाली**' पढना ठीक होगा। भ. प्रति की टीका में इसका अर्थ '**मूल हरिद्रादि कमलनालिका**' ऐसा किया गया है। इस पंक्ति का दोलतरामजीकृत क्रियाकोष की इस पंक्तिसे मिलान कीजिये–

**'तजि केदार तूंबड़ी सदा खाहु म नाली ढिस तुम कदा'।**

प प्रति में खिस की जगह ढिस पाठ है। कमलनाल की शाक को कई जगह ढिस या ढेस अबभी कहते हैं। भ. प्रति में भिस पर टिप्पण है 'कमलजड़' तथा 'त्थाणयहिं' की जगह '**छाणयहिं**' पाठ है और दूसरी पंक्ति की टीका है '**सूरण-कंद-फूल-अछाणकं एतेषां खादिते सति सम्यक्त्वं मलिनं भवेत्**'। 'अत्थाणय' से संभवतः अथाना (अचार Pickles) का तात्पर्य है।

३५. भ. प्रति में '**मुललिउ**' के स्थान पर '**सुलिउ**' पाठ हैं और उसपर टीका है '**अन्यं यत् सुलितं फूलसंयुक्तं**' इत्यादि। शूलित से संभवतः अंकुरित का तात्पर्य है। 'मुललिउ' से म्लान या मुकुलित (बौंड़ी) का तात्पर्य भी कदाचित् हो सकता है।

४१. '**पुट्ठिमंस**' से यहां कवि का क्या अभिप्राय है यह स्पष्ट समझ में नही आता। क्या पीठ का मांस बहुत स्वादिष्ट होता है इससे मांस भोजियों को उसका छोडना कठिन है? पृष्ठमांस का एक अर्थ संस्कृत में पैशुन्य अर्थात् चुगलखोरी भी होता है, यथा–

**प्राक् पादयोः पतति खादति पृष्ठमांसं।**
**कर्णे कलं किमपि रौति शनैर्विचित्रम्।**
**छिद्रं निरूप्य सहसा प्रविशत्यशंकं।**
**सर्वं खलस्य चरितं मशकः करोति॥**

भ. प्रति में 'पुट्ठिमंसु' के स्थानपर 'पिट्ठिमंसु' पाठ है और टीकाकार ने उसका अर्थ 'धान्य की पीठी जिसमें मांस की कल्पना की गई हो' ऐसा किया है ( धान्यचूर्णपीठ्यामपि मांस इति विकल्पे जाते सति सा पेठी त्यज्यते )। देवसेन कृत भावसंग्रह में कहा गया है कि गुड़ और धातकी ( ? ) के योग से बने पिठर में मदिरा की शक्ति आजाती है। 'जह गुडधादइजोए पिठरे जाएइ मज्जिरासत्ती'' ( १७३ )। इन तीन अर्थों में से लागू तो कोई भी किया जा सकता है पर पूर्ण संतोषप्रद मुझे उनमें से एक भी नहीं ज्ञात होता। दूसरी पंक्ति में जो कवि ने अपथ्य और व्याधि की उपमा दी है उससे ज्ञात होता है कि उनकी समझ में 'पुट्ठिमंस' मांसभक्षण का मूल है।

४२. इस दोहे के प्रथम चरण का अर्थ कुछ अस्पष्ट है। 'सुत्तउ' पाठ मेरा कल्पित है। पोथियों में 'मुत्तहं' या 'मुत्तउ' है। भ. प्रति का पाठ इस प्रकार है-'मज्जहु विलित्तिहि विमुत्तई सुणहु हु मज्जहु दोसु' और इसका अर्थ यह दिया गया है-'मदिरालिप्तमुखं यस्य तस्य मुखे श्वानो ( श्वा ) मूत्रं करोति'। यदि यह अर्थ अभीष्ट हो तो हम प्रथम चरण को इस प्रकार पढ सकते हैं-'मुहु विलिहिवि मुत्तइ सुणहु' ( मुखं विलिह्य मूत्रयति श्वा )।

५८. इस दोहे का पाठ निश्चित करने तथा अर्थ बैठाने में बहुत कठिनाई का अनुभव हुआ है। फिर भी 'समीढचडु' पाठ सन्दिग्ध है। शब्दों के अर्थ कोष में देखिये। भ. प्रति की टीका में दोहे का अर्थ इस प्रकार किया गया है 'शुद्धदर्शनं कदा भवेत् यदा गता दूरीकृता अरयो मिथ्यात्वशत्रवः। एतादृशं सम्यक्त्वं हृदये सुनिश्चलं यस्य व्रतोपवासादिनां 'समाटः' प्राप्तो भवः (?) बहूनि, हे जीव, चपलानि जीवितव्यं धनानि आयुषमपि'। श्रीयुक्त ए. एन. उपाध्ये इस दोहे का अर्थ ऐसा करते हैं-'क्षुद्र या मिथ्या दर्शन, जो ( अबतक ) हृदयमे निश्चल था, को छोड़ो। व्रत के पाश सम्हालो। हे जीव, धन और आयु चंचल हैं।'

वे ' गड्डयर ' का ' क्षुद्र ' अर्थ मम्मटाचार्य कृत काव्यप्रकाश, ९, ८३, में प्रयुक्त ' गड्डु ' के आधार पर करते हैं। ( तदेत्काव्यान्तर्गड्डुभूतमिति नास्य भेद-लक्षणम् ) ।

६१. वसुराजा की कथा इस प्रकार है। वसु स्वस्तिकावती का राजा था। वह एक ब्राह्मण पुत्र नारद और गुरुपुत्र पर्वत के साथ क्षीरकदम्ब उपाध्याय के पास विद्या पढा था। गुरु की मृत्यु के पश्चात् एकवार नारद और पर्वत में ' अजैर्यष्टव्यम् ' इस श्रुति के अर्थ पर विवाद खड़ा होगया। पर्वत अज का अर्थ बकरा करता था और नारद कहता था कि गुरुजी ने अज का अर्थ उन्हे ' तीन वर्ष के पुराने धान जो ऊग न सकें ' यह बताया था। अन्त में उन्होंने इसके निर्णय के लिये वसु को मध्यस्थ चुना। पर्वत की माता ने वसु से अपने पुत्र के पक्ष करनेका वचन ले लिया। और तदनुसार वसु ने असत्य जानते हुए भी पर्वत के अर्थ की पुष्टि की। इस घोर असत्य के प्रभाव से वसु राजा अपने सिंहासन सहित पृथ्वी में धंस गया और फिर मर कर नरक को गया। ( देखो नेमिदत्त कृत आराधना कथाकोष ) ।

' **शाखारण्ड** ' वैदिक काल में उसे कहते थे जो अपनी शाखा को छोड़ कर दुसरी शाखा को स्वीकार करे। डाल का अर्थ भी शाखा है पर इस शब्द का उपयोग वृक्ष की शाखा के अर्थ में ही बहुधा देखा जाता है। संभव है ' **साखंड** ' या ' **भाखंड** ' किसी ऐसे पक्षी व कीड़े को कहते हों जिसके डाल पर बैठने से उस डाल को हानि पहुंचे।

६३. इंछिय–इष्ट्वा, इच्छा करके; देखो दोहा २०९.

६६. भ. प्रति में ' **पालिउ** ' के स्थान पर ' **पाकिउ** ' पाठ है और उस पंक्ति की टीका इस प्रकार है–' **येन मुकुलिते सति आसा तृष्णा वर्द्धते एव, तेन संयमं उत्पाटितम्** । टीकाकार ' मोकलियइं ' के अर्थ को न समझने के कारण भ्रम में पड़ गये हैं।

७७. ' **अवाई** ' का अर्थ ठीक समझ में नहीं आया। प. प्रति में इस शब्द पर ' **छांह** ' ऐसा टिप्पण है उसीके आधार पर मैने अनुवाद किया है।

भ. प्रति में दोहे की दूसरी पंक्ति का पाठ इस प्रकार है **णिकक्खइं एरं-डवणे किम अण्णाइ भवेइ** ' और इसकी टीका है ' **यथा निकर्षये सति एरंडवनानि धान्यानि न भवेत्** । ( भवेयुः ) ' प्रथम पंक्ति की टीका है ' **मद्यमांसमधुपरित्यागे सति संपद्यन्ते श्रावकव्रतानि** '। टीकाकार का अर्थ यह ज्ञात होता है ' मद्य, मांस और मधु के परित्याग से श्रावकव्रत होते हैं । एरंड के वन को विना कृषि द्वारा साफ किये अन्न नहीं उत्पन्न हो सकता ' ।

श्रीयुक्त उपाध्ये का अनुमान है कि ' **भवाई** ' ' भू + आदि ' का अपभ्रंश रूप है और तदनुसार वे दोहे का अर्थ इसप्रकार बैठाते हैं- ' जो मद्य, मांस और मधु का परित्याग करता है वही ( शुद्ध ) श्रावक होता है । एरण्डवन में से जब वृक्ष निकाल दिये जाते है तभी ( शुद्ध ) भूमि आदि रहते हैं ' इन दोनो अर्थों में ' संपइ ' सम्पद्यते के समरूप लिया गया है और मेरे अनुवाद में ' संपइ ' ' सम्प्रति ' के बराबर लिया गया है ।

८२ इस दोहे की देवसेनकृत भावसंग्रह की निम्नलिखित गाथा से तुलना कीजिये—

**केई पुण गयतुरया गेहे रायाण उण्णई पत्ता ।**
**दीसंति मच्चलोए कुच्छियपत्तस्स दाणेण ॥ ५४४ ॥**

८४. ' **उप्पहिं** ' का अर्थ अनुवाद में ' आत्मना ' हिंदी-उपतकर किया गया है । भ. प्रति की टीका में उसका अर्थ ' **उत्क्षिप्यते** ' दिया है ।

८६. ' **दोसडइ बोल्लिज्जइ** ' का अर्थ अनुवाद में ' दोषेन कथ्यते ' ऐसा लिया गया है । ' **बोल्ल** ' धातु अपभ्रंश में बुलाने के अर्थ में अनेक जगह आई है ( देखो दोहा ८८, ११५ ) । किन्तु देवसेनकृत ' भावसंग्रह ' में बोल ( वोल ) धातु कई बार ' ब्रुड् ', हिंदी-बुडना या डूबना के अर्थ में प्रयुक्त हुई है ( देखो गाथा ५४७, ५४८, आदि ) । तदनुसार प्रस्तुत दोहे की प्रथम पंक्ति का अर्थ यह भी हो सकता है-' कुपात्र का दान ( दाता को ) दोष में

डुबाता है, इसमे भ्रान्ति नही। यह अर्थ अधिक अच्छा प्रतीत होता है और इससे पाषाण की नाव की उपमा बहुत उपयुक्त हो जाती है।

९९. 'घडंति' का अर्थ अनुवाद में 'घटायन्ते' अर्थात् 'घटयुक्त होते हैं,' ऐसा लिया गया है। भ. प्रति में ज. प्रति के समान 'वहंति' पाठ है और टीका है '**यथा जलं निकासिते (जले निष्कासिते) कूपके नूतननीरं (क्षीरं) आगच्छति**'। अर्थात् 'जैसे कूप से जल निकालने पर उसमे नवीन जल आजाता है'।

१००. **अविण**–अविन का अर्थ मैंने पालिका या पार किया है। अवि का अर्थ संस्कृत में दीवाल या पर्वत और 'अविन' का अर्थ पुरोहित (अवति रक्षति यज्ञमिति, अव् + इनच्, है) होता। इसी के अनुसार अवनि पृथ्वी का नाम है। भ. प्रति की टीका में भी यही अर्थ किया गया है–'**तडागनीरबंधनपालिकया विना स्फुटति नीरं न तिष्ठति**'।

१०६. योगीन्द्रदेवकृत 'परमात्मप्रकाश' में एक यह दोहा है–

**लाहहं कित्तिहि कारणिण जे सिवसंगु चयंति।**
**खीला लग्गिवि ते जि मुणि देउलु देउ डहंति॥**

अर्थात् कीर्तिलाभ के कारण जो शिव (मोक्ष) का संग छोडते हैं वे मुनि खीलों के लिये दवालय और देव को ढाते हैं। इसी के अनुसार यदि हम प्रस्तुत दोहे का यह अर्थ करें तो अच्छा होगा 'पेट के लिये जो पापमति दूसरो को दुख पहुंचाता है वह मूर्ख क्या खीलों के लिये देवालय नही पलोटता (तोडता)'? इसी प्रकार के भाव के लिये देखिये दोहा २१९–२२१.

१०९–११०. इन दोहों का भावार्थ यह प्रतीत होता है। कोई अधर्मी यदि प्रश्न करे कि जिस प्रकार पोटलीमात्र विक्रेय द्रव्य से बडा वाणिज्य नही हो सकता उसी प्रकार छोटे से उपवास से कोई बडा धर्म नही हो सकता, तो इसका उत्तर यह है कि वाणिज्य का बडप्पन द्रव्य के परिणाम पर नही किन्तु

उसके मूल्य पर निर्भर है। माणिक और मोतियों से भरी पोटली के धन का पाराबार नहीं और बैलभरे बेरों का कुछ भी मूल्य नहीं। इसी प्रकार उत्तम उपवासमात्र से ही बड़ा पुण्य हो सकता है। इसका उदाहरण आगे के दोहे में दिया गया है। टीकाकार का अर्थ कुछ सार्थक नहीं जंचता ' **पोटं ग्रंथि स्वमस्तकोपरि लब्धे सति मणिमुक्तानामपि, तथापि धनं किं तस्य भवेत् अपि तु न भवेत्। किमिव यथा बोरीणां भारं वहति बलीवर्दः तथापि बोरीणां मध्ये तन्नास्ति यत्खादति** '।

१११. नागकुमार जैनपुराणानुसार बाइसवें कामदेव हुए हैं। पूर्वजन्म में उन्होंने श्रीपंचमी उपवास का विधि सहित पालन किया था उसी के फल स्वरूप उन्हें वह कामदेव का अनुपम सौन्दर्य और बल प्राप्त हुवा था। विशेष जानने के लिये ' णायकुमारचरिउ ' देखिये।

११५. यदि ' **बोलियउ** ' दोहा नं. ८६ के नोट के अनुसार 'ब्रुडितः' का समरूप माना जाय तो अर्थ यह हो सकता है कि ' बिना डुबकी लगाये क्या कोई लोक में एक छदाम भी पा सकता है '। इसका तात्पर्य संभवतः उन पनडुब्बों से होगा जो तीर्थस्थानों पर जल में फेंके हुए सिक्कों को डुबकी लगाकर निकालते हैं। उन्हें कोई यात्री सीधा दाम नहीं देता।

१२१. अनुवाद में मण से मन और वलंत से चलत् का अभिप्राय लिया गया है किन्तु दूसरी पंक्ति का अर्थ कुछ संतोषजनक नहीं बैठा। भ. प्रति की टीका में मण से मा का और वलंत से ज्वलत् का अर्थ लिया गया है और तदनुसार दोहे का यह अर्थ होता है ' कुछ भी करके चार दान दे। अपनी शक्ति को मत छुपा। जलते हुए ( घर में से ) जो कुछ निकाल लेगा वही हाथ रहेगा इसमें भ्रान्ति नहीं '। यह अर्थ अधिक अच्छा है। उव्वरइ-उद्वर्तते, रहता है या बचता है। देखो हेमचन्द्र व्याकरण ८।४।३७९-

> महु कंतहो बे दोसडा हेल्लि म झंखहि आलु।
> देंतहो हउं पर उव्वरिअ जुज्झंतहो करवालु॥

१२७. अनुवाद में मणगच्छ का अर्थ मनाग् + अच्छ, कुछ अच्छे, किया गया है और इस कारण 'मत कर' यह भाव ऊपर से मिलाना पड़ा है। किन्तु दोहा नं. १२१ के नोट के अनुसार मण का 'मा' अर्थ लेकर प्रथम पंक्ति का यह अर्थ कर सकते हैं 'हे जीव मनोमोहनस्य गेयस्य अभिलाषं मा गच्छ' हे जीव मनमोहक गीत की अभिलाषा में मत जा'। भ प्रति में 'मण' के स्थान पर 'मा' पाठ ही है।

१३०. अनुवाद में माढिल्ल–माढि–दैन्य ( Sadness, dejection ) का समरूप लिया गया है। यदि हम इसे दो शब्दों में- म ढिल्लउ-विभाजित करदें तो दोहे का यह अर्थ भी किया जा सकता है 'गुरु के वचनरूपी अंकुश से खींच। ऐसा ढीला मत छोड़ कि यह मनरूपी हाथी संजमरूपी हरे भरे वृक्ष को व्यर्थ ही तोड़ मोड़ डाले'। यह अर्थ अधिक अच्छा प्रतीत होता है। मुह का यहां अर्थ मुधा-व्यर्थ लिया गया है।

१३४ लोह शब्द द्व्यर्थक है लोभ और लोह, ( लोहा )। भावार्थ यह है कि जिस प्रकार लोहे से भरी नाव के डूबने का भय रहता है किन्तु लोहा निकाल डालने से वह सुलभता से पार लगती है उसी प्रकार लोभ का भार निकाल फेकने से मनुष्य की संसार-यात्रा सुलभ होती है। इस दोहे की देवसेनकृत भावसंग्रह की निम्न लिखित गाथा से तुलना कीजिये–

> लोहमए कुतरंडे लग्गो पुरिसो हु तीरणीवाहे।
> वुड्डइ जह तह वुड्डइ कुपत्तसम्माणओ पुरिसो ॥ ५४९ ॥

१३५. अन्य परिवार से तात्पर्य क्रोध, मान, माया आदि दोषों से है जो मोह के क्षीण होने से आप ही क्षीण हो जाते हैं। मोह मानों द्वार की अर्गला है जो इन सब दोषों को मनरूपी गृह में रोके हुए है।

भ. प्रति में ''मोहु ण' पाठ है और प्रथम पंक्ति की टीका है 'यत्र मोहो दुर्बलो नास्ति तत्र इतरपरिवाराणि कथं क्षीणानि भवन्ति'। दूसरी पंक्ति का अर्थ टीकाकार नहीं लगा सके। वे लिखते हैं

**' द्वयोः पदानां ( पद्योः ) भावार्थं न ज्ञातं अतो मया न लिखितम् '।**

१४२. '**चाइ**' शब्द '**त्यागेन**' के समरूप लिया गया है और '**ण**' '**नु**' के ( ण के इस अर्थ के लिये देखो कोष ) । यदि उसके स्थान पर '**चाड**, पाठ लिया जावे और वह ' कवित्तें ' के साथ जोड़ दिया जावे तो यह अर्थ हो सकता है कि ' चाटु ( चापलूसी ) कवित्तों द्वारा पौरुष ( का वर्णन करने ) से किसी पुरुष की कीर्ति नहीं हो सकती । ' तात्पर्य यह होगा कि शत्रु को भी मीठे और उसकी प्रशंसा भरे वचनों से प्रसन्न करो। केवल वचनमात्र से उसकी कुछ कीर्ति तो हुई नहीं जाती ? इसकी निम्नलिखित श्लोक से तुलना कीजिये—

**प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः ।**
**तस्मात्तदेव दातव्यं वचने का दरिद्रता ॥**

१४३. इस दोहे में '**सरसइ**' और '**समुद्दि**' द्व्यर्थक प्रतीत होते हैं । सरसइ-सरस्वती व सरस या स्वरस; समुद्द–समुद्र व स्वमुद्रा, या स+मुद्रा । अर्थात् मौन से भोजन करने वाले को भोजन के रसों का आनन्द मिलता है, सरस्वती भी सिद्ध होती है, तथा लक्ष्मी भी प्राप्त होती है क्योंकि वह समुद्र ( मुद्रित मुख ) में निवास करती है । संभव है कि ' लच्छिम करहु णिवासु ' में मकरहु णिवास [ मकर ( मगर ) का निवास ] के अर्थ का भी समावेश हो । किन्तु दोहे की रचना में इसे यथोचित रूप से योजित करना कठिन प्रतीत होता है । इस दोहे का संस्कृत रूपान्तर मैं इस प्रकार करता हूं—

भोजनं मौनेन यः करोति सरस्वती [ स्वरसेन वा ] सिध्यति तस्य । अथवा वसति समुद्रे ( उदधौ मुद्रासहिते मुखे वा ) जीव लक्ष्मीः, कुरु निवासम् ( तस्याः ) । भ. प्रति की टीका में यह कुछ अर्थ नहीं बतलाया गया । टीका है **' यः पुरुषः भोजने मौनं कुर्यात् तस्य सरसास्वाध्यायं ( ? ) भवन्ति । अथवा ये पुरुषा स्वाध्यायेषु समुदिता भवन्ति ते लक्ष्य-निवासा ( ? ) भवन्ति '।**

१४६. यहां 'लाल' शब्द में श्लेष है। लाल–लाला (लार) या पुत्र। कुसियारा–कोशकार या रेशम का कीड़ा जो अपनी लार से रेशम बनाता है और उसी के कारण मारा जाता है। भ. प्रति की टीका का अर्थ इससे भिन्न है। दूसरी पंक्ति की टीका है–**क इव। श्वेतकीटकं तस्यैव अंगजातस्यैव हृदयं खादन्ति (खादति) लेकेजुंजाला मृत्तिकायाः कीटकं प्रोच्यते**'। टीकाकार के मत से मिट्टी के कीड़े, केंचुए, अपनी संतान का भक्षण करते हैं। यदि यह टीक भी हो तो भी यह अथ यहां लागू नहीं होता।

१४८. ग्रामों के कच्चे रास्तों के आरपार बरसात में लोग लकड़ी के डूंडे (खोड़े) लगा देते है जिससे रास्ता और अधिक न विगड़ने पावे। न्याय के खोड़े लगाये विना दरिद्री पुरुषों की दशा और विगड़ती ही है।

भ. प्रति के टीकाकार ने यह अर्थ नहीं समझा। उनका अर्थ कुछ विचित्र ही है– '**कं इव, यथा काष्ठेन विना पादबंधनछिद्रकीलिकासहितपोडे ति लोके न भवेत्। तस्य पुरुषस्य पवित्रो ऽपि मार्गाप्रकटेन दुराग्रहो भवति (?)**।

१५०. चन्दन के पास सर्प रहते हैं इस डरसे यह सुगन्धी वृक्ष घर के पास व बगीचों में नहीं लगाया जाता। यदि हो तो काट डाला जाता है।

१५५ जिस प्रकार छत्र से पानी और घाम का निवारण होता है उसी प्रकार इस लोक में तिर्यञ्चादि नीच गति और परलोक में नरक धर्म से ही रोके जा सकते है। ऐसा ही अर्थ लेने से दृष्टान्त की सार्थकता हो सकती है।

१५६. '**डरहि**' का 'पतसि' पड़ता है, भी अर्थ हो सकता है। तदनुसार अर्थ यह होगा कि 'इसीसे बार बार मृत्यु (के मुख में) पड़ता है, चिरायु कैसे हो सकता है'। हिन्दी डरा-गिरा.

१५७. मुनि आदि धर्मवृद्ध पुरुषों की सेवाशुश्रूषा का नाम वैयावृत्य है। 'कंदि' की व्युत्पत्ति मैंने 'स्कन्दिर् गतिशोषणयोः' धातु से लगाई है,

अतएव कंदि [ एकदिन् ] - सूखा । अनुवाद के अर्थ के लिये ' अयाणु की जगह ' अयाण ' पाठ चाहिये । अयाणु पाठ से ठीक शब्दार्थ यह होगा ' अज्ञानी और सूखा मत हो ' । भ. प्रति की टीका कुछ और ही है और उसमें कंदि का अर्थ कथं लगाया गया है- ' **अमुना प्रकारेण व्याधि-पीडितयुक्तानां दातव्यगुणेसु अज्ञातो कथं भवसि** ' ।

१६०. भ. प्रति में तीसरे चरण का पाठ भ्रष्ट है ' **मेदनी मेइणि वंबुपवियइं** ' और टीका है ' **यथा वंबूलवृक्षविपने ( वपने ) सति आम्रफलं कथमास्वादयति** ' ।

१६२. प्रथम पंक्ति की रचना कुछ क्लिष्ट है । विस से विषवाले प्राणी का जो अर्थ किया है वह पूर्ण संतोषप्रद नहीं है । भ. प्रति की टीका में उस चरण का कुछ अर्थ ही नहीं आया । टीका है ' **ये प्राणिनः कूटतुलया मानोपमानं कुर्वन्ति तथा ह्रस्वदीर्घवाटकेन हीनाधिकं क्रय-विक्रयं करोति स व्रती श्रावको न । तस्य धर्मः कीदृशो यथा नाट्यशालायां नृत्यकारिणी बहुवेषं धारयति तत्परेषां रञ्जनं करोत्येव** ' ।

१६४. दूसरी पंक्ति का अर्थ कुछ सन्देहयुक्त है । भ. प्रति की टीका इस प्रकार है ' **सम्यक्तेन सह श्रावकस्य व्रतानि भवंति तेन व्रतेन स्वराधिपो भवति । यदि सम्यक्तं न भवेत् तर्हि श्रावकस्यापि व्रतानि न भवेत्** [ भवेयुः ] ' । इस अर्थ का मूल के शब्दों से कोई सम्बन्ध ही नहीं दिखाता । श्रीयुक्त उपाध्ये दोहे का संस्कृत रूपान्तर इस प्रकार करते हैं ' **समासे श्रावकव्रतानां उत्पद्यते सुरराजः । योगविनष्टः क्षिप्यते, जातः यत्र कुत्रापि किं वार्यते** ' । यहां छंडियइ ' क्षिप्यते ' के समरूप लिया गया है और ' सो ' का कोई सम्बन्ध-वाचक सर्वनाम नहीं रक्खा गया । अनुवाद में गविणिट्ठउ का गवि+निष्ठा ( अलुक् समास ) इन्द्रियनिष्ठा, अर्थ लिया गया है ।

१७१. यहां **असोउ** [ अशोक ] और **सोउ** ( शोक ) का यमक उत्तम है ।

१७३. यह दोहा श्लेषपूर्ण है। पुष्पवृष्टि के वर्णन के साथ साथ कवि ने यहां विष्णु और जिन के भक्तों में अन्तर बतलाया है।

**माहउशरण**–माधवशरण (वसन्तऋतु-अवलम्बी, विष्णुभक्त).
**थिप्पंति**–पतन्ति, तृप्यन्ति (पडते हैं या तृप्त होते हैं)
**सुमणस**–सुमनस (अच्छे पुष्प, शुद्ध मनवाले).
**अलियविवज्जिय**–अलिविवर्जित (भ्रमररहित), अलीक-विवर्जित (असत्यरहित).

१७४. रेहइ–राजते, विराजता है। तुकबंदी की दृष्टि से रोहइ–रोचते ही ठीक होगा।

१८५. श्रुतपंचमी का उपवास आषाढ, कार्तिक और फाल्गुण मास के शुक्लपक्ष की पंचमी को माना जाता है (देखो णायकुमारचरिउ ९, २०, ४.)

१८८. रोहिणी उपवास प्रत्येक मास में रोहिणी नक्षत्र के दिन माना जाता है (देखो जैनव्रतकथासंग्रह पृ. ३६)। ण–नु (देखो कोष)।

१९३. दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप, ये चार आराधना कहलाती हैं। इस विषय का प्राकृत में अति प्राचीन ग्रंथ भगवती–आराधना है जिसका दिग-म्बर समाज में बड़ा मान हैं। यहां उसी की टीका करने का उपदेश जान पड़ता है।

१९७. चंदकंति से चन्द्रकान्त मणि का तात्पर्य लिया गया है जो चंद्र की किरणों के संयोग से द्रवित होता है। यदि हम दूसरी पंक्ति को ऐसी पढ़ें '**चंद्रकंति चंदहं मिलिय पाणियदिण्ण ण ठाइ**' तो इसका अर्थ यों कर सकते हैं, 'जब चंद्रकान्ति चन्द्र (पूर्णिमाचन्द्र) से मिलती है तब पानी का दैन्य (दीनता) नही ठहर सकता'। पूर्णिमा चन्द्र के उदय से समुद्र में ज्वारभाटा आता है यह प्रसिद्ध ही है।

२०५. प्रथम पंक्ति का भावार्थ कुछ अस्पष्ट है। भ. प्रति की टीका का अर्थ ठीक नहीं जँचता '**हे जीव, यदि त्यागं कर्तुमिच्छसि तर्हि जीवपुद्गलयोः येन सुखं प्राप्यते तत्त्यागं श्रेष्ठं कथितं। तस्य इदमेव सम्यक्त्वं कथं न जातम्**'।

२१२. इस दोहे में कमलाकार सिद्धचक्र बनाकर उसकी पूजा करने का उपदेश है। सिद्धचक्र को बनाने का पूर्ण विवरण देवसेनकृत भावसंग्रह की ४४३ से ४६८ गाथाओं में है। इनमें की दो गाथायें ये है—

**सोलदलकमलमज्झे अरिहं विलिहेह बिंदुकलसहियं।**
**बंभेण वेढइत्ता उवरिं पुणु मायबीएण ॥ ४४४ ॥**

**सोलससरेहि वेढहु देहवियप्पेण अट्ठवग्गा वि ॥**
**अट्ठहिं दलेहिं सुपयं अरिहंताणं णमो सहियं ॥ ४४५ ॥**

( वसुनन्दी श्रावकाचार की ४७० आदि गाथायें भी देखिये )।

२१४. ये पांच वर्ण क्रम से अर्हत्, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु के द्योतक हैं। यह जपमंत्र है।

२१५ यह सप्ताक्षर ( यथार्थतः सप्तमात्रिक ) मंत्र कहलाता है। उसमें दो वर्ण दीर्घ होने से कुल सात मात्रायें है।

२२०. '**पट्टोलयतग्गंथियहं**' का ठीक अर्थ समझ में नहीं आया। अधिक अच्छे अर्थ के अभाव में अनुवाद में वह अर्थ दे दिया है।

**पट्टोलय**–पट्ट+उल्लोच ( वितान ). जिसे हिन्दी में कपडे का छत कहते हैं। कमरे में इस छत को तानने के लिये जगह जगह उसके किनारों पर एक पत्थर का टुकड़ा देकर गांठ दे देते हैं। इस तुच्छ कार्य के लिये जो एक बड़े बहुमूल्य रत्न के टुकडे करे उससे बड़ा मूर्ख और कौन होगा? आप्टे के संस्कृत-अंग्रेजी कोष में पटोल का अर्थ भी एक प्रकारका वस्त्र ( a kind of cloth ) दिया है। शुक्ति अर्थात् सीप जिसमें से मोती निकलता है, को भी संस्कृत में पटोलक कहते हैं। भ. प्रति में अन्त के सात दोहों की टीका नहीं है।

२२२ द्वितीय पंक्ति में श्लेष है। जैसे दोहनेवालों को धेनु उत्तम दूध देती है उसी प्रकार यह उत्तम दोहों की धर्मधेनु ( पढने वालों को ) उत्तम पद देगी। **धर्मधेनुः संदोहकेभ्यः संदोहकानाम् वा, वरपयः वरपदं वा ददाति न भ्रान्तिः।**

---

# दोहों की वर्णानुक्रमणिका

# शुद्धिपत्र.

अर्थ की दृष्टि से दोहों के पाठ व अनुवाद में जो सुधार किये जा सकते हैं वे टिप्पनी में बतलाये गये हैं। यहां केवल प्रेस की अशुद्धियों का शोधन किया जाता है।

| दोहा नं. | अशुद्ध. | शुद्ध. |
|---|---|---|
| ९ | मणुसजम्मु | माणुसजम्मु |
| ६६ | पलिउ | पालिउ |
| ६७ | पिडिउ | पडिउ |
| ६८ | उप्पज्जइं | उप्पज्जइ |
| १०७ | घम्मु | धम्मु |
| ११५ | णिट्ठणी | णिट्ठडी |
| १३२ | मिलही | मिलहि |

# कारंजा से दो ग्रन्थमालाएं प्रकाशित हो रही हैं

## जिनमें निम्न लिखित अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं—

| | |
|---|---|
| जसहरचरिउ पुष्पदन्त कृत | ६) |
| सावयधम्मदोहा ... .. | २॥) |
| णायकुमारचरिउ पुष्पदन्त कृत | ६) |

निम्न लिखित अपभ्रंश ग्रन्थ शीघ्र ही क्रमशः प्रकाशित होने वाले हैं—

करकंडचरिउ - कनकामरमुनि कृत.
पाहुड दोहा
सुदंसणचरिउ - नयनन्दि कृत
अपभ्रंशकथासंग्रह
पासचरिउ - पद्मनन्दि कृत
जम्बूसामि चरिउ - वीर कृत
महापुराण - पुष्पदन्त कृत
कथाकोप - श्रीचन्द्र कृत
पउमचरिउ - स्वयंभू कृत
हरिवंशपुराण - „

Printed from type by T. M. Patil at the 'Saraswati
Power Press,' Amraoti.

AND

Published by Seth Gopal Ambadas Chaware,
Karanja Berar ( India ).